RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-288 | जयपुर, रविवार, 19 अप्रैल 2026 | मूल्य-4 रुपये

राष्ट्र के नाम संबोधन में पीएम मोदी ने महिला आरक्षण बिल पास नहीं होने पर माफी मांगी

## हमारा आत्मबल अजेय है, हम हारे नहीं...

### कहा- विपक्ष ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में परिसीमन और महिलाओं को आरक्षण देने से जुड़े विधेयक को पारित नहीं करा पाने के लिए देश की महिलाओं से माफी मांगी। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक और सपा ने सरकार के ईमानदारी भरे प्रयास की भ्रूण हत्या कर दी है। उन्होंने कहा कि नारी अपना अपमान कभी नहीं भूलती और वह इन पार्टियों को सबक सिखाएगी।

उल्लेखनीय है कि कल लोकसभा में संविधान का 131वां संशोधन विधेयक दो तिहाई बहुमत के अभाव के कारण पारित नहीं हो सका। इसी को लेकर प्रधानमंत्री ने आज राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि कुछ लोग इसे सरकार की नाकामयाबी बता रहे हैं, लेकिन विषय क्रेडिट लेने का नहीं था। भले ही हमारे पास दो तिहाई बहुमत नहीं था, परंतु देश की शत प्रतिशत



महिलाएं हमारे साथ हैं। केवल वक्त का इंतजार है। हमारे पास संख्या बल नहीं था पर आत्म बल हमारा अजय है। हम अपना संकल्प पूरा करेंगे। वे जानते हैं की माता-बहन आज दुखी हैं, लेकिन हमारा हौसला बुलंद और इरादा मजबूत है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पार्टी को रिफॉर्म विरोधी पार्टी बताया और कहा कि भ्रम और झूठ फैलाकर वह नकारात्मक राजनीति करती है। कांग्रेस पार्टी ने अंग्रेजों से विरासत में फूट डालो और राज करो की नीति सीखी है। इस कारण से परिसीमन के नाम पर उत्तर दक्षिण से जुड़ा फूट डालने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल विधेयक को पारित करने की नहीं बल्कि कांग्रेस की एंटी रिफॉर्म मानसिकता से थी। विधेयक का विरोध कर कांग्रेस ने असल में क्षेत्रीय दलों के भविष्य को अंधकार में डालने का काम किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस ने उस ऐतिहासिक अवसर को गंवा दिया जिससे वह अपने राज्य के लोगों को अधिक प्रतिनिधित्व दिला सकते थे। तमिलनाडु के सांसद और विधायकों की संख्या इस रिफॉर्म से बढ़ती। समाजवादी पार्टी के पास अपनी महिला विरोधी छवि से जुड़े दाग को कम करने का अवसर था लेकिन इस विधेयक का विरोध करके उन्होंने लोहिया जी के सपनों को पैरों तले रौंद दिया है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां असल में अपने परिवार से बाहर की महिलाओं को राजनीति में स्थान देने नहीं चाहती। इसलिए उन्होंने मिलकर इस विधेयक का विरोध किया।

### विपक्ष ने मेजें थपथपाईं

कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे। परिवारवादी पार्टियों के भीतर महिलाओं के लिए असुरक्षा की भावना है। परिसीमन के बाद महिलाओं का कद बढ़ता इसलिए उन्होंने बिल का विरोध किया। देश की नारी शक्ति कांग्रेस और उसके साथी दलों के लिए पाप के लिए माफ नहीं करेगी।

## हमें महिला विरोधी कहकर मसीहा नहीं बन सकते, खुश हूं कि विपक्ष ने विरोध किया: प्रियंका

### लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की रची जा रही थी साजिश



**नई दिल्ली।** लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पारित न होने के बाद कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि जो कुछ हुआ, वह लोकतंत्र और संविधान की बड़ी जीत है।

प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार संघीय ढांचे को कमजोर करने और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की साजिश रच रही थी, जिसे विपक्ष ने मिलकर विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ संविधान और देश की जीत है, बल्कि विपक्ष की एकजुटता की भी जीत है, जो सत्ताधारी दल के नेताओं के चेहरों पर साफ दिखाई दे रही थी।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार किसी भी तरह सत्ता में बने रहने की रणनीति बना रही है और इसके लिए महिलाओं के मुद्दे का इस्तेमाल करने की कोशिश की जा रही है। उनके मुताबिक, सरकार की सोच थी कि अगर बिल पास हो जाता तो उसे राजनीतिक फायदा मिलता, और अगर नहीं होता तो वह अन्य दलों को महिला विरोधी बताकर खुद को महिलाओं का मसीहा दिखाने की कोशिश करती। प्रियंका गांधी ने कहा कि महिलाओं का मसीहा बनना आसान नहीं है और सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए उन्होंने इसे एक राजनीतिक रणनीति करार दिया।

## ईरान ने होर्मुज फिर बंद किया

### अमेरिका पर समझौता तोड़ने का आरोप, तनाव गहराया



वॉशिंगटन डीसी

ईरान ने फिर से होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है। ईरान ने शुक्रवार को इसे खोलने का ऐलान किया था। लेकिन अब इस समुद्री रास्ते पर पाबंदियां लगा दी गई हैं। ईरान का आरोप है कि अमेरिका सीजफायर डील को तोड़ रहा है इसलिए अब होर्मुज से जहाजों की आवाजाही पूरी तरह सेना के कंट्रोल में होगी।

ईरान ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक अमेरिका उसके बंदरगाहों पर लगी नाकेबंदी नहीं हटाता, तब तक वह होर्मुज से जहाजों को गुजरने नहीं देगा।

दरअसल, अमेरिका ने होर्मुज से नाकेबंदी हटाने से इनकार कर दिया है। ट्रम्प का कहना है कि जब तक ईरान अमेरिका के साथ समझौता नहीं करता, तब तक यह जारी रहेगी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका हर हालत में ईरान के पास मौजूद एनरिच्ड यूरेनियम लेकर रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बातचीत से समझौता नहीं हुआ, तो यह काम और ज्यादा सख्त तरीके से भी किया जा सकता है।

**ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से आवाजाही रोकी**

होर्मुज स्ट्रेट पर एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। ईरान ने इस अहम समुद्री मार्ग पर सख्त नियंत्रण लागू करते हुए जहाजों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। ईरान का कहना है कि जब तक अमेरिका उसके बंदरगाहों पर लगाया गया ब्लॉकेड नहीं हटाता, तब तक यह प्रतिबंध जारी रहेगा।

ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने बयान जारी कर कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अब पूरी तरह सशस्त्र बलों के नियंत्रण में है और इसे सख्ती से मैनेज किया जा रहा है। इससे पहले ईरान ने संकेत दिए थे कि वह इस मार्ग को खोल सकता है, लेकिन अमेरिकी रुख के बाद उसने अपना फैसला बदल दिया।

## पुणे में एयरफोर्स के विमान की हार्ड लैंडिंग

**पुणे।** पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान की हार्ड लैंडिंग हुई। रात 10:30 बजे हुई इस घटना के बाद रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। जिसके कारण एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन करीब 11 घंटे तक प्रभावित रहा। पुणे एयरपोर्ट के डायरेक्टर संतोष धोके ने बताया कि दुर्घ के विमान को सुबह करीब 5.45 बजे रनवे से हटा दिया गया था। लेकिन नोटम का टाइम बढ़ाकर सुबह 9 बजे कर दिया गया था। हालांकि फ्लाइट ऑपरेशन सुबह 7.30 बजे के बाद नॉर्मल हो सका।

आरएएस परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित : बाड़मेर के दिनेश विश्नोई टॉपर

## राजस्थान को मिलेंगे 1096 नए आरएएस अफसर

जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने शनिवार को राजस्थान राज्य और अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया। साक्षात्कार के बाद आयोग द्वारा जारी टॉपर्स सूची में बाड़मेर के दिनेश विश्नोई ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि जैसलमेर के वीरेंद्र चारण दूसरे स्थान पर रहे। आरएएस भर्ती के जरिए प्रदेश को जल्द ही 1096 नए प्रशासनिक अधिकारी मिलेंगे, जिनमें 428 राज्य सेवा व 668 अधीनस्थ सेवा के पद शामिल हैं।



आयोग की ओर से दी जानकारी के अनुसार साक्षात्कार के बाद जारी अंतिम परिणाम सूची में कुल 2391 अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट जारी की है। टॉप-20 में नवनीत शर्मा (तीसरे), रवीन्द्र सिंह (चौथे), विकास सियाग (5वें), ऐश्वर्या कंवर (छठे), दिनेश (7वें), शालू (आठवें), भूपेंद्र सिंह (नौवें), रामसिंह गुर्जर (दसवें) व यशवंत सांदू (ग्यारहवें) सहित अन्य अभ्यर्थियों ने जगह बनाई। लिखित परीक्षा में टॉपर दिनेश विश्नोई ने 800 में से सर्वाधिक 302.50 अंक प्राप्त किए। वहीं इंटरव्यू में वीरेंद्र चारण को दिनेश से 9 अंक अधिक मिले। नौवें स्थान पर रहे भूपेंद्र सिंह को इंटरव्यू में सर्वाधिक 67 अंक प्राप्त हुए। बीकानेर के विकास सियाग ने पांचवीं रैंक हासिल की है, उन्होंने अगले चरण में शामिल होने से इनकार कर दिया है। वे पहले से आरएएस ट्रेनिंग में हैं। उल्लेखनीय है आरएएस-2024 भर्ती प्रक्रिया को पूरा होने में लगभग एक साल सात महीने से अधिक का समय लगा।

पिछले वर्षों की तुलना में यह अवधि अपेक्षाकृत कम रही है, हालांकि 2010-11 की भर्ती का एक साल में पूरा होने का रिकॉर्ड अभी कायम है। भर्ती में छह लाख 75 हजार 80 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से तीन लाख 75 हजार 665 अभ्यर्थी प्रारंभिक परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 21 हजार 539 अभ्यर्थी मेंस परीक्षा के लिए चयनित हुए और अंततः 2461 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। आयोग ने 1 दिसंबर 2025 से साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू की, जो 17 अप्रैल 2026 तक 9 चरणों में पूरी हुई।

## संसद के दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

### 18वीं लोकसभा का सातवां सत्र सम्पन्न, कार्य उत्पादकता रही 93 प्रतिशत

नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र शनिवार को दोनों सदनों के अनिश्चितकाल के लिए स्थगन के साथ समाप्त हो गया। यह सत्र राजनीतिक रूप से काफी उथल-पुथल भरा रहा और इसे विशेष बैठकों के लिए निर्धारित समय से आगे बढ़ाया था, जिसमें चुनावी सुधारों पर चर्चा की गई।

सत्र के दौरान सरकार द्वारा प्रस्तुत संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, जो महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने और परिसीमन प्रक्रिया लागू करने से संबंधित था, लोकसभा में जरूरी दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका। विधेयक के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े, जबकि पारित होने के लिए 352 मतों की जरूरत थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समापन संबोधन में बताया सदन की कार्य उत्पादकता 93 प्रतिशत रही। उन्होंने जानकारी दी कि 28 जनवरी से शुरू हुए इस सत्र में कुल 31 बैठकें हुईं, जो 151 घंटे 42 मिनट तक चलीं। सत्र के दौरान केंद्रीय बजट 2026-27 पर करीब 13 घंटे चर्चा हुई, जिसमें 63 सदस्यों ने भाग लिया। अध्यक्ष ने बताया संविधान (131वां संशो.) विधेयक, संघ राज्यक्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक और परिसीमन विधेयक, 2026 पर 21 घंटे 27 मिनट तक चर्चा हुई, जिसमें 131 सदस्यों ने हिस्सा लिया, हालांकि संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं हो सका।

सत्र के दौरान 12 सरकारी विधेयक पेश किए गए, जिनमें से 9 विधेयक पारित हुए। इसके अलावा सदन में लोक महत्व के 326 मुद्दे उठाए और नियम 377 के तहत 650 मामले प्रस्तुत किए। बिरला ने बताया कि सत्र में 126 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए। साथ ही, संसदीय समितियों द्वारा 73 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए और कुल 2089 दस्तावेज सदन पटल पर रखे गए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया 18 भारतीय भाषाओं में 181 वक्तव्य दिए, जिनका अनुवाद किया।

## प्रदेश 19 शहरों का पारा 40 पार

**जयपुर।** पश्चिम विक्षोभ का असर समाप्त हो गया है। अब आगामी समय में प्रदेश के पारे में उछाल देखने को मिलेगा। शनिवार को प्रदेश के 19 शहरों का दिन का पारा 40 डिग्री के पार दर्ज किया। 43 के साथ चूरु का दिन और 30 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही।

जयपुर का पारा भी 40 डिग्री के पार पहुंच गया। जयपुर रात के तापमान में 2 डिग्री की गिरावट के साथ 25 डिग्री दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर में भी आंधी के कारण तापमान में गिरावट हुई। आज सुबह हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, जैसलमेर में धूलभरी आंधी चली। हल्के बादल भी छाए।

## टीसीएस नासिक केस- आरोपी निदा अभी तक फरार

### कंपनी बोली- किसी भी पीड़ित ने POSH कंप्लेन नहीं की

मुंबई

नासिक के टीसीएस ऑफिस में धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न के मामले में



आरोपी निदा खान अभी भी फरार है। पुलिस के मुताबिक, उसे ढूंढने के लिए तीन अलग-अलग टीमें बनाई गईं हैं। जांच के दौरान निदा खान के पति को भी शुक्रवार को पूछताछ के लिए मुंबई पुलिस स्टेशन के इलाके में हिरासत में लिया गया। पति ने बताया था कि निदा एक रिश्तेदार के घर पर रुकी हुई है लेकिन जब अधिकारी वहां पहुंचे तो घर पर ताला लगा हुआ था। पुलिस ने बताया कि आरोपी और उसके रिश्तेदारों दोनों के मोबाइल फोन भी बंद हैं। उधर TCS कंपनी ने भी इंटरनल जांच शुरू कर दी है। कंपनी ने बताया कि किसी भी पीड़ित ने कंपनी की POSH (प्रिवेंशन ऑफ सेक्शुअल हैरेसमेंट) पॉलिसी के तहत कभी कोई शिकायत नहीं की।

पुलिस ने इस मामले में अब तक 8 लोगों के खिलाफ 9 एफआईआर दर्ज की गई है। 7 लोगों को गिरफ्तार कर किया है।

इस बीच फरार आरोपी निदा खान ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दी है। निदा के पिता ने कहा कि उनकी बेटी के खिलाफ साजिश हुई है। यह मामला नासिक के बाबा अशोक खरात से जुड़े विवाद को दबाने के लिए खड़ा किया गया है।

निदा ने शिकायत करने वाली महिला से कभी बात तक नहीं की और न ही किसी को धर्म परिवर्तन के लिए कहा। उनका परिवार सभी धर्मों का सम्मान करता है। परिवार ने बताया कि निदा इस समय गर्भवती है और भिवंडी स्थित अपने ससुराल में रह रही हैं।

## पोस्टमैन ने एक ही व्यक्ति के 20 आरडी खाते खोले

### अकाउंट खोलने के कस्टमर से लिए दो हजार

### बोला- टारगेट पूरा करने का था दबाव

अलवर

अलवर के प्रतापगढ़ में डाक विभाग से जुड़ा एक अजीब मामला सामने आया है। जहां एक पोस्टमैन ने टारगेट पूरा करने के लिए एक ही ग्राहक के नाम पर 20 आरडी खाते खोल दिए। पीड़ित मनोज के अनुसार, उसने 25 मार्च को पोस्ट ऑफिस में एक आरडी खाता



खुलवाने के लिए पोस्टमैन कैलाश मीणा को 2 हजार रुपए दिए थे। कैलाश मीणा प्रतापगढ़ पोस्ट ऑफिस में पोस्टमैन हैं। उसने 26 मार्च को एक ही फॉर्म पर साइन करवाकर 100-100 रुपए के 20 अलग-अलग खाते खोल दिए।

मनोज ने कहा कि शुक्रवार को पोस्टमैन 20 पासबुक उसके पास छोड़ गया। जब उसने इस बारे में सवाल किया तो पोस्टमैन ने बताया कि उसके टारगेट पूरे नहीं हो रहे थे, इसलिए उसने ऐसा किया और आगे खुद ही पैसे जमा करवाने की बात कही।

इस पर मनोज ने आपत्ति जताई और पोस्टमैन से कहा कि वह 20 खातों का क्या करेगा और इतनी सारी पर्चियां कैसे संभालेगा। मनोज ने खुद की किराने की दुकान पर सभी पासबुक रखकर लोगों को भी इस मामले की जानकारी दी।

पोस्टमैन कैलाश मीणा का कहना है कि मार्च महीने में उन्हें 101 आरडी खाते खोलने का लक्ष्य दिया गया था। 23 मार्च तक उन्होंने 81 खाते खोल लिए थे, लेकिन लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया। उनके अनुसार, कार्यालय के अधिकारी लगातार दबाव बना रहे थे और किसी भी तरह टारगेट पूरा करने के निर्देश दे रहे थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पोस्टमास्टर संजीव यादव उन पर विशेष रूप से दबाव डाल रहे थे।

इसी दबाव के चलते उन्होंने एक ही फॉर्म पर हस्ताक्षर करवाकर 20 खाते खोल दिए। कैलाश मीणा ने स्वीकार किया कि उससे गलती हुई है। कहा कि वह ग्राहक के 2 हजार रुपए दो दिन के अंदर वापस कर देगा।

## केन्द्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 2% बढ़ाया

नई दिल्ली

डीए देश के 1.19 करोड़ कर्मचारियों और पेंशनर्स को 3 महीने से ज्यादा समय से जिसका इंतजार था, आज शनिवार 18 अप्रैल को वो गुड न्यूज आ ही गई। केंद्रीय कैबिनेट ने कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता (डीए) और पेंशनर्स के लिए महंगाई राहत में 2% की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। इस फैसले के साथ ही महंगाई भत्ता, मूल वेतन के 58% से बढ़कर 60% हो गया है। कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जनवरी 2026 से ही लागू माना जाएगा और उन्हें अप्रैल महीने के अलावा, जनवरी, फरवरी और मार्च यानी 3 महीने का एरियर (बकाया) भी मिलेगा।

देश के करीब 49 लाख से



ज्यादा केंद्रीय कर्मियों और 68 लाख से ज्यादा पेंशनर्स को महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी (ष्ठ-ष्ठक्र॥द्बद्मद्ग) का इंतजार था। ये वित्त वर्ष 2025-26 का अंतिम डीए हाइक है, जिसका ऐलान होने में देरी को लेकर कर्मचारी-पेंशनर्स पशोपेश में थे। कर्मचारी और पेंशनर्स से जुड़े कई संगठन लगातार इस देरी का विरोध भी जता रहे थे। कुछ संगठनों ने इसको लेकर सरकार को पत्र भी लिखा था। वहीं गुरुवार को कई विभागों के कर्मचारियों ने लंच आवर में प्रदर्शन भी किया था। अब जबकि केंद्रीय कैबिनेट ने डीए में 2% बढ़ोतरी की मंजूरी दे दी है, कर्मचारियों और पेंशनर्स के बीच खुशी का माहौल है।

### 60% हो जाएगा डीए

केंद्रीय कर्मचारियों को फिलहाल डीए के तौर पर मूल वेतन के 58% की दर से राशि मिलती है। अब 2% बढ़ोतरी को मंजूरी दिए जाने के बाद अब ये 60% हो जाएगा। कर्मचारियों को उनकी बेसिक सैलरी का 60% डीए मिलेगा, जबकि पेंशनर्स को उनके मूल पेंशन का 60% डीआर मिलेगा।

### सॉवरेन मेरिटाइम फंड को भी कैबिनेट की मंजूरी

केंद्रीय कैबिनेट ने मीटिंग में सॉवरेन मेरिटाइम फंड को भी मंजूरी दे दी है और इसके लिए 13,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस फंड का मकसद भारतीय जहाजों को स्थाई और किफायती इंश्योरेंस कवर देना है।

इसी के साथ कैबिनेट ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को विस्तार दिया है। इसके लिए 3,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन करते हुए इस योजना को साल 2028 तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

### 24,815 करोड़ की दो रेलवे परियोजनाओं को दी मंजूरी

उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के 15 जिलों को कवर करने वाली दो मल्टी-ट्रैकिंग रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 601 किलोमीटर की वृद्धि होगी। इनकी कुल अनुमानित लागत लगभग 24,815 करोड़ रुपये है।

### पीएम ग्राम सड़क योजना को मार्च 2028 तक बढ़ाया

मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-III को मार्च 2028 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। इसके तहत ग्रामीण कृषि बाजारों, उच्च माध्यमिक विद्यालयों और अस्पतालों से जुड़ने वाले प्रमुख मार्गों और ग्रामीण संपर्क सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। योजना का संशोधित व्यय 83,977 करोड़ रुपये तय किया गया है।

## सीजेआई बोले- एआई से डरने की जरूरत नहीं, संतुलन जरूरी

### टेक्नोलॉजी सिर्फ मददगार हो सकती है, जज की जगह नहीं ले सकती

नई दिल्ली

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि न्यायपालिका में एआई का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन इससे डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी सिर्फ मददगार हो सकती है, जज की जगह नहीं ले सकती। यह बात उन्होंने शनिवार को बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि एआई का इस्तेमाल करते समय संतुलन जरूरी है। इससे काम तेज और आसान हो सकता है, लेकिन फैसला हमेशा इंसानी सोच, अनुभव और संवैधानिक समझ से ही होना चाहिए। उन्होंने न्यायिक



अधिकारियों से कहा कि वे एआई से प्रभावित न हों और अपनी स्वतंत्र सोच बनाए रखें।

यह बयान उन्होंने 'रीइमैजिनिंग द ज्यूडिशियरी इन द एरा ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर कर्नाटक स्टेट ज्यूडिशियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के सम्मेलन में दिया। इस मौके पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और सुप्रीम कोर्ट के अन्य जज भी मौजूद थे।

सीजेआई ने कहा कि जैसे जज जटिल मामलों में ज्यादा समय, सोच और धैर्य लगाते हैं, वैसे ही द्व टूल्स का इस्तेमाल भी समझदारी से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सही तरीके से उपयोग करने पर ये टूल्स मदद करेंगे, लेकिन जज का स्वतंत्र निर्णय सबसे जरूरी रहेगा।

उन्होंने इसके जोखिमों पर भी चेताया। उन्होंने कहा कि एआई केवल डेटा और एल्गोरिद्म पर काम करता है, उसमें इंसानी समझ, नैतिकता और सामाजिक संदर्भ की समझ नहीं होती। ऐसे में ज्यादा निर्भरता से न्याय प्रक्रिया कमजोर हो सकती है।

सीजाआई ने बताया कि हाल के समय में एआई प्लेटफॉर्म्स से गलत फैसलों के उदाहरण, फर्जी कानूनी संदर्भ और गलत जानकारी सामने आई है। उन्होंने कहा कि ये छोटी गलती नहीं हैं, बल्कि न्याय व्यवस्था की बुनियाद को प्रभावित कर सकती हैं।

# होर्मुज के हालात पर भारत की दो टूक कहा- नाविकों की मौत, जहाजों पर खतरा हमें स्वीकार्य नहीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में मालवाहक जहाजों की सुरक्षा और वहां लगातार बढ़ते तनाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने दो टूक शब्दों में कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में आम नागरिकों की हत्या और व्यापारिक जहाजों पर मंडराता खतरा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। भारतीय प्रतिनिधि ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करने और मध्य पूर्व में तनाव कम करने की पुरजोर वकालत की है।

संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत हरीश पी ने भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि ऊर्जा सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के माध्यम से होने वाला समुद्री व्यापार भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर गहरा दुख जताया कि वर्तमान संघर्ष के दौरान व्यापारिक जहाजों को सैन्य हमलों का निशाना बनाया गया है। भारतीय राजदूत ने कहा कि इस युद्ध की स्थिति के कारण जहाजों पर कार्यरत कई भारतीय नाविकों को अपनी कीमती जान गंवानी पड़ी है, जो बेहद दुखद और चिंताजनक है।

भारत ने स्पष्ट किया है कि बेगुनाह नाविकों की जान जोखिम में डालना या अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मार्ग में रुकावट पैदा करना वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा है। भारतीय प्रतिनिधि ने मांग की कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित और बेरोकटोक आवाजाही फिर से बहाल हो सके। 28 फरवरी 2026 को ईरान और खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष की शुरुआत के बाद से ही भारत ने सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव न बढ़ाने और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। भारत ने बातचीत और कूटनीति के जरिए शांति स्थापित करने और सभी देशों की संप्रभुता एवं सीमाओं के सम्मान की बात दोहराई है। गौरतलब है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दबाव बढ़ रहा है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से फोन पर वार्ता के दौरान इस जलमार्ग को खोलने की अंतरराष्ट्रीय मांग पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां ईरान की संप्रभुता और सुरक्षा का सम्मान होना चाहिए, वहीं दूसरी ओर समुद्री सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता की गारंटी भी दी जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में ईरान के साथ बातचीत विफल होने के बाद अमेरिका ने होर्मुज पर नाकेबंदी का ऐलान कर दिया था, जिसके कारण कई जहाजों को वापस लौटना पड़ा। दूसरी तरफ, ईरान इस महत्वपूर्ण जलमार्ग पर अपना पूर्ण नियंत्रण होने का दावा करता रहा है, जिससे क्षेत्र में सैन्य और कूटनीतिक गतिरोध बना हुआ है।

## रोहित शेट्टी फायरिंग केस में बड़ी कार्रवाई, आगरा से 15वां आरोपी गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। चर्चित रोहित शेट्टी फायरिंग मामले में जांच एजेंसियों को एक और बड़ी सफलता मिली है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के आगरा से फरार आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ 'गाठ' को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश एसटीएफ के साथ संयुक्त रूप से की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी घटना के समय मौके पर मौजूद था और वारदात के बाद से लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए कई राज्यों में छापेमारी की जा रही थी, जिसके बाद उसे आगरा से पकड़ा गया। इस गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में अब तक कुल 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच एजेंसियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शूटर, हथियार सप्लायर और लॉजिस्टिक सपोर्ट देने वाले लोग शामिल हैं। इससे पहले 14 अन्य आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया जा चुका था। यह मामला 31 जनवरी की रात जुहू स्थित फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग से जुड़ा है। अज्ञात हमलावरों ने इमारत की पहली मंजिल को निशाना बनाते हुए कई राउंड गोलियां चलाई थीं, जिससे इलाके में दहशत फैल गई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह हमला कथित रूप से उगाही (एक्सटॉर्शन) के उद्देश्य से किया गया था। आरोप है कि इस वारदात के लिए शूटरों को पैसों का लालच दिया गया था। मुख्य शूटर दीपक शर्मा को कथित तौर पर 15 लाख रुपये देने का वादा किया गया था, जिसमें से 50 हजार रुपये एडवांस के रूप में दिए गए थे। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है और बाकी फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## तमिलनाडु चुनाव 2026 में बड़ी सख्ती, 800 करोड़ से अधिक की नकदी व सामान जब्त

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव 2026 के बीच चुनाव आयोग और प्रवर्तन एजेंसियों की सख्त निगरानी के चलते अब तक लगभग 800 करोड़ रुपये की नकदी, कीमती सामान और अन्य अवैध वस्तुएं जब्त की जा चुकी हैं। यह आंकड़ा वर्ष 2021 के विधानसभा चुनावों की तुलना में लगभग दोगुना बताया जा रहा है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार, वर्ष 2021 के चुनाव में कुल 446.28 करोड़ रुपये के उपहार और कीमती धातुएं तथा 236.70 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की गई थी। उस समय जब्त सामान का एक बड़ा हिस्सा वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद वापस कर दिया गया था। इस बार की कार्रवाई पहले से अधिक सख्त दिखाई दे रही है। बुधवार तक की रिपोर्ट के अनुसार, अब तक करीब 800 करोड़ रुपये की जब्ती हो चुकी है, जिसमें नकदी, सोना-चांदी, नशीले पदार्थ और शराब शामिल हैं। इनमें से 126.64 करोड़ रुपये की नकदी ऐसी पाई गई है जिसके पास वैध दस्तावेज नहीं थे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिन लोगों का सामान जब्त किया गया है, वे उचित दस्तावेज प्रस्तुत कर उसे वापस प्राप्त कर सकते हैं। अब तक लगभग 400 करोड़ रुपये की संपत्ति, जिसमें नकदी और कीमती धातुएं शामिल हैं, जांच के बाद वापस भी की जा चुकी है। पूरे राज्य में यह कार्रवाई फ्लाइंग स्क्वॉड, स्थिर निगरानी टीमों और आयकर विभाग के संयुक्त प्रयास से की जा रही है। तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर टीमें 24 घंटे सक्रिय हैं और वाहनों की जांच से लेकर संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## बीजेपी विधायक के बेटे की थार से 5 लोग कुचले, वीडियो वायरल

शिवपुरी (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक गंभीर सड़क हादसे और कथित दबंगई का मामला सामने आया है, जिसमें पिछोर विधानसभा से भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी के बेटे दिनेश लोधी पर अपनी थार कार से पांच लोगों को टक्कर मारने का आरोप लगा है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। जानकारी के अनुसार, घटना करैरा थाना क्षेत्र की है। शिकायतकर्ता संजय परिहार ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों के साथ सुबह करीब 7:30 बजे बाइक से मजदूरी के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार थार कार आई और बाइक सवार तीन मजदूरों तथा पैदल चल रही दो महिलाओं को टक्कर मार दी, जिससे सभी लोग घायल हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि कार दिनेश लोधी चला रहे थे और वाहन पर आगे और पीछे विधायक से जुड़े साइन भी लगे हुए थे, जिससे उसकी पहचान स्पष्ट हो रही थी। हादसे के बाद सामने आए वीडियो में दिनेश लोधी घायलों से बहस करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह यह कहते दिख रहे हैं कि उन्होंने हॉर्न और सायरन बजाया था, फिर भी लोग रास्ते से नहीं हटे। उन्होंने यह भी कहा कि वह सुबह जिम जाने के लिए निकले थे। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और वीडियो फुटेज को भी सबूत के तौर पर शामिल किया गया है। इस बीच, जानकारी यह भी सामने आई है कि आरोपी दिनेश लोधी ने खुद पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। वहीं, विधायक पिता प्रीतम सिंह लोधी ने भी कहा है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और यदि किसी ने गलती की है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## टीसीएस नासिक कांड में किसी को नहीं बख्शेंगे, किसी को सुरक्षा नहीं मिलेगी : फडणवीस

मुंबई (एजेंसी)। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) नासिक कांड पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि किसी भी आरोपी को छोड़ा नहीं जाएगा। साथ ही इस मामले में केंद्रीय जांच एजेंसियों से हस्तक्षेप करने की मांग की गई है। यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन से जुड़े मामले नासिक से 7 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला कर्मचारी भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सीएम फडणवीस ने इस मामले को बेहद चिंताजनक बताया है। साथ ही कहा है कि कड़ी कार्रवाई की जाएगी और इसकी जड़ तक जाने के लिए जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम इसमें शामिल किसी को नहीं बख्शेंगे। किसी को भी सुरक्षा नहीं मिलेगी। हमने केंद्रीय एजेंसियों से इस मामले की जांच करने को कहा है। उन्होंने आशंका जताई है कि मामला बड़े मॉड्यूल से जुड़ा हो सकता है। बता दें गुरुवार को इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था। जहां से उन्हें 18 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कोर्ट में पेश किए गए आरोपियों की पहचान रजा रफीक मेमन (35) और शफी बिखान शेख (36) के रूप में हुई है। इन्हें संबंधित मामले में न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद बुधवार को फिर से गिरफ्तार किया गया। नासिक पुलिस आयुक्त संदीप कर्णिक ने दो महिला आरोपियों की भूमिका स्पष्ट करते हुए बुधवार को कहा था कि गिरफ्तार की गई यूनिट की ऑपरेशन और एचआर प्रमुख ने कथित तौर पर एक पीड़िता को शिकायत दर्ज कराने से हतोत्साहित किया था।

## दोहरी नागरिकता मामले में राहुल गांधी के खिलाफ होगी एफआईआर, हाईकोर्ट ने कहा- ब्रिटिश नागरिकता की जांच करे सीबीआई

लखनऊ (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर करने का आदेश आदेश दिया है। इसके बाद अब राहुल गांधी की मुश्किल बढ़ गई है। दोहरी नागरिकता के मामले में शुक्रवार को लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। यह मामला निचली अदालत के उस फैसले के खिलाफ है, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया था। यूपी सरकार की तरफ से वकील ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई करे। इस पर जज ने मंजूरी दी। कहा कि एफआईआर करके मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रकरण की जांच सीबीआई करेगी। गौरतलब है कि कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने यह याचिका दाखिल की थी। याची ने लखनऊ की विशेष एमपी-एमएलए अदालत के 28 जनवरी 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की उसकी अर्जी खारिज कर दी थी। याची ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और मामले की विस्तृत जांच कराने की मांग की थी। याची ने गांधी के खिलाफ भारतीय नागरिक संहिता, पासपोर्ट अधिनियम, आफिसियल सीक्रेट एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में गंभीर आरोप लगाये हैं। राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता मामले में दायर याचिका में उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की विभिन्न धाराओं, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट 1923, पासपोर्ट एक्ट 1967 और फॉरेनर्स एक्ट 1946 के उल्लंघन के मामले बनते हैं।

## महिला आरक्षण पर मायावती का प्रहार, कांग्रेस को बताया गिरगिट, सपा-भाजपा पर साधा निशाना



**लखनऊ (एजेंसी)।** महिला आरक्षण अधिनियम के लागू होने और इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के साथ ही उत्तर प्रदेश की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने इस मुद्दे पर सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला है। मायावती ने विशेष रूप से कांग्रेस की तुलना गिरगिट से करते हुए दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को इन दलों के दोहरे चरित्र से सावधान रहने की सलाह दी है।

बसपा प्रमुख ने कहा कि आज जो कांग्रेस महिला आरक्षण में एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों की भागीदारी की बात कर रही है, वही पार्टी केंद्र की सत्ता में रहते हुए इन वर्गों के आरक्षण कोटे को पूरा करने में हमेशा विफल रही। उन्होंने याद दिलाया कि ओबीसी समाज के लिए मंडल कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की पहल कांग्रेस ने नहीं, बल्कि बसपा के अथक प्रयासों से पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की सरकार ने की थी। मायावती ने सपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पिछड़ी मुस्लिम जातियों को ओबीसी का लाभ देने वाली 1994 की रिपोर्ट को सपा सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया था, जिसे बाद में 1995 में बसपा सरकार ने लागू किया। उनके अनुसार, सपा जब सत्ता में होती है तो उसका रवैया जातिवादी और तिरस्कारी होता है, लेकिन विपक्ष में आते ही वह राजनैतिक स्वार्थ के लिए रंग बदल लेती है।

परिसीमन के मुद्दे पर मायावती ने स्पष्ट किया कि यदि महिला आरक्षण को जल्दी लागू करना है, तो इसे 2011 की जनगणना के आधार पर ही करना चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि आज कांग्रेस सत्ता में होती, तो वह भी भाजपा की तरह ही कदम उठाती। मायावती ने जोर देकर कहा कि देश में एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम समाज के वास्तविक हितों को लेकर कोई भी दल गंभीर नहीं है। उन्होंने इन वर्गों के लोगों को सलाह दी कि वर्तमान में जो कुछ भी मिल रहा है, उसे स्वीकार कर लें और किसी के बहकावे में न आएं। उन्होंने आह्वान किया कि इन वर्गों को खुद अपने पैरों पर खड़ा होकर समाज को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाना होगा, क्योंकि भविष्य में सही समय आने पर ही उनके हितों का पूर्ण ध्यान रखा जा सकेगा।

# संगठन की मजबूती के लिए मंथन में जुटी कांग्रेस, उधर आनंद शर्मा को लेकर अटकलें शुरु



**शिमला (एजेंसी)।** देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी खुद की मजबूती के लिए विचार मंथन कर रही है। गुरुवार को शिमला में हिमाचल प्रदेश में नई कार्यकारिणी के गठन के बाद प्रदेश कांग्रेस इकाई की पहली महत्वपूर्ण आम सभा पार्टी मुख्यालय, राजीव भवन में आयोजित की गई। प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्टी के आगामी रोडमैप और आंतरिक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आनंद शर्मा को लेकर अटकलें शुरु हो गईं।

पार्टी के भीतर चल रही खींचतान और वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा की नाराजगी की अटकलों पर हिमाचल की प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने विराम लगाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि शिमला में आनंद शर्मा से उनकी मुलाकात हुई है और पार्टी छोड़ने जैसी चर्चाओं में कोई सच्चाई नहीं है। पाटिल ने स्वीकार किया कि राज्यसभा टिकट न मिलने या अन्य कारणों से काम करने वाले नेताओं में स्वाभाविक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन पार्टी सभी को साथ लेकर चलेगी। गौरतलब है कि आनंद शर्मा द्वारा हाल ही में विदेश नीति पर केंद्र के रुख की सराहना किए जाने के बाद उनके अगले कदम को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज थीं। वरिष्ठ नेता कौल सिंह ठाकुर ने भी इस दौरान वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी का मुद्दा उठाया।

बैठक में प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल, कैबिनेट मंत्री प्रो. चंद्र कुमार, सह-प्रभारी विधित चौधरी और संगठन महासचिव विनोद जिंटा सहित कार्यकारिणी के सदस्य और सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे।

बैठक से पूर्व पत्रकारों से बातचीत में रजनी पाटिल ने स्पष्ट किया कि संगठन का पुनर्गठन लंबे समय बाद हुआ है, और अब मुख्य फोकस जिला व जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाकर आगामी पंचायत चुनावों की तैयारी करना है। उन्होंने महिला आरक्षण बिल का समर्थन करते हुए कहा कि इसे लागू करने से पहले जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होना अनिवार्य है।बैठक के दौरान संगठन में 'एक व्यक्ति-एक पद' के सिद्धांत को लागू करने पर भी गंभीर मंथन हुआ। प्रभारी ने स्पष्ट संकेत दिए कि जो नेता संगठन और सरकार दोनों में पदों पर आसीन हैं, उन्हें एक जिम्मेदारी छोड़नी होगी। सूत्रों के अनुसार, बैठक के बंद कमरे में कुछ नेताओं ने सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। विशेष रूप से मंडी और बिलासपुर जिलों से जुड़े नेताओं ने काम न होने पर अपनी नाराजगी जाहिर की। कुल मिलाकर, इस आम सभा के जरिए कांग्रेस ने जहां एक ओर पंचायत चुनावों के लिए बिगुल फूंका, वहीं दूसरी ओर आंतरिक असंतोष को शांत कर एकजुटता का संदेश देने का प्रयास किया है।

## राज्यसभा में राघव चड्ढा ने आप पर कसा तंज, बोले- मैं हाल ही में हटाया गया उपनेता हूं

नई दिल्ली (एजेंसी)। राज्यसभा में शुक्रवार को एक दिलचस्प राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला, जब आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने सदन में बोलते हुए अपनी ही पार्टी पर तंज कस दिया। उन्होंने कहा कि वह 'हाल ही में हटाए गए उपनेता' हैं और इसके बावजूद सदन में मौजूद हैं, जबकि उनकी पार्टी के अन्य प्रमुख नेता अनुपस्थित हैं। सांसद चड्ढा ने यह टिप्पणी उस समय की, जब राज्यसभा में हरिवंश नारायण सिंह को लगातार तीसरी बार उपसभापति चुने जाने पर अभिनंदन प्रस्ताव पर चर्चा चल रही थी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के नेता और नवनियुक्त उपनेता सदन में मौजूद नहीं हैं, जिससे अप्रत्यक्ष रूप से उन्होंने संजय सिंह और अशोक कुमार मित्तल पर निशाना साधा। इस दौरान चड्ढा ने उपसभापति को बधाई देते हुए उन्हें बोलने का अवसर देने के लिए धन्यवाद भी दिया। उनका यह बयान पार्टी के भीतर हालिया मतभेदों की ओर इशारा करता है, जो सार्वजनिक रूप से भी चर्चा में रहे हैं। उधर, राज्यसभा में हरिवंश नारायण सिंह को निर्विरोध उपसभापति चुना गया। उनके समर्थन में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन अन्य सदस्यों ने किया और इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। घोषणा के बाद सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने उन्हें उपसभापति निर्वाचित घोषित किया। इसके पश्चात सदन के नेता और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हें उनकी सीट तक पहुंचाया, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि हरिवंश का यह लगातार तीसरा कार्यकाल है, जो उनकी स्वीकार्यता और संसदीय अनुभव को दर्शाता है। वहीं, राघव चड्ढा का बयान राज्यसभा के इस औपचारिक अवसर पर भी राजनीतिक हलचल पैदा कर गया।

# संजय राउत का दावा: मुसीबत में थे अमित शाह तब बालासाहेब ठाकरे ने किया था जज को फोन



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद और मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और शिवसेना संस्थापक दिवंगत बालासाहेब ठाकरे को लेकर एक सनसनीखेज दावा किया है। राउत के मुताबिक, जब अमित शाह गुजरात की राजनीति में संकट में थे और उनके खिलाफ तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा कई मामले दर्ज किए गए थे, तब वे मदद के लिए बालासाहेब ठाकरे के पास पहुंचे थे। राउत का दावा है कि उस समय बालासाहेब ने एक जज को फोन कर अमित शाह की मदद करने के लिए कहा था।

यह दावा संजय राउत ने कपिल सिब्बल के साथ एक इंटरव्यू के दौरान किया। हालांकि, जब उनसे शिवसेना में हुई टूट पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने इस पुरानी घटना का जिक्र किया। संजय राउत ने अमित शाह से जुड़ी घटना का विवरण देते हुए बताया, मातोश्री में बालासाहेब ठाकरे, मैं और हमारे कुछ साथी बैठे थे तो गेट से बार-बार एक मैसेज आता था कि कोई गुजरात से विधायक अमित शाह है जो बालासाहेब से मिलना चाहते हैं। बालासाहेब ने शाम को आने को कहा। राउत ने आगे बताया, अमित शाह फिर शाम को आए और सिक्योरिटी ने फोन किया तो फोन मैंने ही उठाया। मैंने बालासाहेब से कहा कि कोई अमित शाह गुजरात से आया है, बहुत परेशानी में है, एक बार आप मिल लीजिए। उन्होंने कहा अगले दिन 11 बजे बुला लो।

शाह ने कहा था तड़ीपार किया है मदद कीजिए अगले दिन सुबह 11 बजे अमित शाह आए और बालासाहेब को प्रणाम किया। राउत के अनुसार, अमित शाह ने बालासाहेब से कहा, साहेब, मैं कट्टर हिंदुवादी हूं और कांग्रेस ने मेरे ऊपर बहुत केस कर रखे हैं। मुझे तड़ीपार कर दिया है। मैं गुजरात भी नहीं जा सकता। अब मेरी फाइल मुंबई ट्रांसफर हो गई है तो आप जज को फोन करो वो आपकी बात मानेंगे। संजय राउत ने दावा किया कि इसके बाद बालासाहेब ने तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर जोशी को जज के पास भेजा और कहा कि तुम अपने फोन से जज से मेरी बात करवाना। जोशी ने जज से बालासाहेब की बात करवाई और बालासाहेब ने जज से कहा, तुम अमित शाह की मदद करो वो परेशानी में है। जज ने जवाब दिया, साहेब ये डबल बेंच है और दूसरा जज मुस्लिम है। तो बालासाहेब बोले, तुम तो हिंदू हो मदद करो। संजय राउत ने इस घटना का जिक्र करते हुए कहा कि बालासाहेब की इतनी मदद और उपकार करने के बाद भी इन लोगों ने राजनीतिक स्वार्थ के लिए शिवसेना तोड़ दी।

## किसान हितों के मामले में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की जीरो टॉलरेंस की नीति

**हैदराबाद (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के धार और खरगोन के किसानों ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर उनके सामने करेला की फसल में अमानक बीज और रोपे से हुए भारी नुकसान का मामला रखा, जिस पर शिवराज सिंह ने इसे किसानों की आजीविका पर सीधा प्रहार मानते हुए तुरंत अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए और दोषी कंपनी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। केंद्रीय मंत्री शिवराज के निर्देशों के बाद मामले में तेज़ कार्रवाई हुई और धार जिले के मनावर थाने में संबंधित कंपनी- नुन्हेम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कृषि मंत्री शिवराज ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि किसानों के हित उनके लिए सर्वोपरि हैं। मध्यप्रदेश के धार और खरगोन के किसानों ने नई दिल्ली में उनसे भेंट कर करेला फसल में अमानक बीज और रोपे के कारण हुए गंभीर नुकसान की जानकारी दी, जिस पर श्री चौहान ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को साफ कहा कि प्रभावित किसानों को न्याय मिलना चाहिए और उन्हें उचित मुआवजा दिलाने की दिशा में तेजी से कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिस कंपनी की भूमिका इस पूरे मामले में सामने आई है, उसके खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इन निर्देशों के बाद प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई तेज हुई और मनावर थाना, जिला धार में एफआईआर क्रमांक 266 दर्ज की गई। प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराएं 318(4) और 324(5), आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धाराएं 3 व 7 तथा बीज अधिनियम, 1966 की धारा 19 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। प्राथमिकी में नुन्हेम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना को आरोपी के रूप में दर्ज किया गया है। किसानों की शिकायत है कि उन्होंने नवंबर 2025 में विभिन्न नर्सरियों और कृषि सेवा केंद्रों से संबंधित इस कंपनी के बीज और रोपे खरीदे थे, लेकिन बुआई और रोपण के बाद करेला फसल में अपेक्षित उत्पादन नहीं हुआ और फल छोटे, पीले होकर गिरने लगे। फसल उत्पादन में आई भारी गिरावट के बाद किसानों ने 17 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद कृषि वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों द्वारा जांच की गई, जिसमें प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि अमानक बीज एवं अमानक बीज से तैयार रोपे किसानों को प्रमाणित बताकर बेचे गए, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचा। किसानों ने जब दिल्ली आकर केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह को ये सब बातें बताई तो श्री चौहान ने कहा कि यह मामला केवल फसल खराब होने का नहीं, बल्कि किसानों के भरोसे, मेहनत और पूंजी को नुकसान पहुंचाने का है। श्री शिवराज सिंह के निर्देश पर इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए वैधानिक धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई और जांच आगे बढ़ाई गई है।

# क्या है परिसीमन? जिससे बढ़ गई लोकसभा में सीटें...आसान भाषा में समझें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** परिसीमन शब्द इन दिनों चर्चा का केंद्र बना हुआ है। शायद बहुत कम लोग परिसीमन शब्द का अर्थ जानते हैं। परिसीमन का सीधा अर्थ है........जनसंख्या के आधार पर लोकसभा या विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण करना है। यह काम स्वतंत्र परिसीमन आयोग द्वारा किया जाता है, जिसका गठन राष्ट्रपति के नोटिफिकेशन के दवारा होता है। इस आयोग के पास इतनी ताकत होती है कि इसके फैसलों को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती।

### परिसीमन का अर्थ

जैसे-जैसे किसी शहर या इलाके की आबादी बढ़ती है, वहां की जरूरतों को संभालने के लिए नए वार्ड या चुनाव क्षेत्र बनाने पड़ते हैं। इसतरह, पूरे देश में जनसंख्या के हिसाब से लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की सीमाओं को फिर से तय करने की प्रक्रिया को परिसीमन कहते हैं। इसका मकसद यह है कि हर सांसद या विधायक करीब बराबर आबादी का प्रतिनिधित्व करे, ताकि लोकतंत्र में एक वोट, एक मूल्य का सिद्धांत बना रहे। परिसीमन से जुड़ी 5 मुख्य बातें जो आपको जाननी जरुरी हैं।

सीटें क्यों बढ़ रही हैं? अभी हम 1971 की आबादी के हिसाब से चल रहे हैं। बीते 55 साल में देश में 2.25 गुना जनसंख्या बढ़ी है। आबादी बढ़ने से काम में बढ़ोतरी भी होगी। इसकारण सांसदों की संख्या भी 543 से बढ़ाकर लगभग 850 करने की तैयारी है। इसके लिए एक परिसीमन आयोग बनता है। यह इतनी पावरफुल बॉडी है कि इसके फैसले को आप किसी कोर्ट में चुनौती नहीं दे सकते। इसमें सीटें आबादी के हिसाब से तय होती हैं, इसलिए उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में सीटों की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी। यानी संसद में इन राज्यों के सांसदों का दबदबा बढ़ेगा।


वहीं तमिलनाडु और केरल जैसे दक्षिण भारतीय राज्यों ने जनसंख्या कंट्रोल करने में बहुत अच्छा काम किया है। अब उन्हें ऐसा डर है कि आबादी कम होने के कारण उनकी सीटों में बढ़ोतरी कम होगी, जिससे केंद्र में उनकी आवाज कमजोर पड़ जाएगी। वे इसे अच्छे काम के लिए मिली सजा मान रहे हैं। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का कहना है कि यह राज्यों के बीच संतुलन बिगाड़ सकता है और इससे केवल उन राज्यों को फायदा होगा जहाँ भाजपा मजबूत है।




# मानसरोवर झील प्रकरणः एनजीटी में संयुक्त समिति की रिपोर्ट पेश, गंभीर अनियमितताएं उजागर

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

मानसरोवर झील संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण मामले में National Green Tribunal, सेंट्रल ज़ोन बेंच भोपाल में विचाराधीन वाद (ओ.ए. नं. 15/2026) में दिनांक 16.04.2026 को सुनवाई के दौरान संयुक्त समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। यह याचिका पब्लिक पावर एंड अवेयरनेस सोसायटी, भीलवाड़ा के माध्यम से दायर की गई थी, जिसमें शिकायतकर्ता के रूप में गोटू सिंह, निवासी मंगलपुरा द्वारा गंभीर पर्यावरणीय एवं कानूनी मुद्दे उठाए गए हैं। याचिका पूर्व में प्रस्तुत की जा चुकी थी, जिस पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने संयुक्त समिति का गठन किया था। समिति द्वारा प्रस्तुत





रिपोर्ट में निम्न महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए– झील क्षेत्र में कमी और भूमि का दुरुपयोगः रिपोर्ट के अनुसार मानसरोवर झील का मूल क्षेत्रफल लगभग 116 बीघा था, जिसे घटाकर कृत्रिम रूप से 52 बीघा दर्शाया गया तथा शेष 64 बीघा भूमि को नगर विकास न्यास द्वारा आवासीय एवं अन्य उपयोगों के लिए आवंटित कर दिया गया। इस संबंध में एनजीटी ने संबंधित विभागों से पूछा है कि किस प्राधिकरण एवं कब झील की प्रकृति



में परिवर्तन किया गया।

**बिना उपचारित सीवरेज का प्रवाहः**

झील में नालों के माध्यम से बिना उपचारित गंदे पानी के प्रवाह की पुष्टि हुई है। इस पर न्यायाधिकरण ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया है कि वह इस संबंध में उठाए गए कदम, दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही तथा पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की वसूली के बारे में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

जलकुंभी (पिस्टिया) समस्या एवं समाधानःसंयुक्त समिति की रिपोर्ट में बताया गया कि झील में पिस्टिया (जलकुंभी) की अत्यधिक वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए विशेषज्ञों से परामर्श लिया गया। जैविक एवं रासायनिक उपायों को अनुपयुक्त मानते हुए यांत्रिक सफाई को सर्वोत्तम समाधान माना गया है। वर्तमान में सफाई कार्य प्रगति पर है तथा आगामी तीन वर्षों तक नियमित मॉनिटरिंग एवं रखरखाव किया जाएगा। एनजीटी ने उपरोक्त सभी बिंदुओं पर संबंधित विभागों को दो सप्ताह के भीतर विस्तृत जवाब एवं एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई 2026 को निर्धारित की गई है। शिकायतकर्ता गोटू सिंह, मंगलपुरा ने कहा कि यह मामला केवल एक झील का नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं सार्वजनिक संपत्ति के संरक्षण का है। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा की है कि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए और झील को उसके मूल स्वरूप में पुनर्स्थापित किया जाए।

## गंगापुर कचरा केंद्र पर फिर वही हालात, गोवंश खा रहा प्लास्टिक



स्मार्ट हलचल | गंगापुर

9 अप्रैल 2026 को प्रकाशित खबर के बाद भी गंगापुर नगर पालिका के कचरा संग्रहण केंद्र की स्थिति में पूरी तरह सुधार नहीं हो पाया है।

खबर के बाद प्रशासन ने प्राचीन डंपिंग यार्ड पर फाटक तो लगा दिया, लेकिनः टूटी हुई दीवारों की मरम्मत आज तक अधूरी है। फाटक अधिकतर समय खुला रहता है। जिसके कारण आज भी सैकड़ों गोवंश कचरा परिसर में प्रवेश प्लास्टिक और गंदगी खाने को मजबूर हैं। ग्राउंड जीरो पर पहुंचे गंगापुर के गौभक्तो ने देखा कि कई जगह दीवारें टूटी हुई हैं।

कचरा ढोने वाले टेंपो चालक ने बताया कि इन्हीं टूटे हिस्सों से गोवंश अंदर आ जाते हैं पूरे शहर का कचरा यहीं डाला जाता है, जिसमें खाने-पीने के अवशेष और प्लास्टिक शामिल हैं इससे गोवंश प्लास्टिक खाकर बीमार हो रहे हैं, यहां तक कि मौत का भी खतरा बना हुआ है।

क्या सिर्फ दिखावे के लिए फाटक लगाना ही समाधान है? दीवारों की पूरी मरम्मत और निगरानी कब होगी? आखिर गोवंश को इस स्थिति से कब राहत मिलेगी? स्थानीय लोगों ने विधायक लादू लाल पितलिया से मामले में हस्तक्षेप कर व्यवस्था सुधारने की मांग की है, टूटी दीवारों की तुरंत मरम्मत हो फाटक हमेशा बंद रखा जाए। कचरा प्रबंधन की स्थायी व्यवस्था लागू की जाए।

## 11 हजार लाईन की चिंगारी से आग, दो बिघा तुअर व लकड़ियां जली



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर कस्बे में शनिवार दोपहर को एक खेत में ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी विद्युत लाईन से निकली चिंगारी से खेत में आग लग गई, आग की चपेट में आने से तुअर की फसल व लकड़ियां जलकर राख हो गई, मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया । सवाईपुर कस्बे में सालरिया रोड़ पर रमेशचंद्र जैन के खेत में से गुजर रही, 11 हजार केवी विद्युत लाईन में स्पार्किंग होने से निकली चिंगारी से खेत में आग लग गई, आग लगने से खेत में दो बिघा तुअर की फसल जलकर राख हो गई, इसके साथ ही खेत की मेड़ पर रखी लकड़िया और पेड़ पौधे जल गई । वही पास ही भैरू पिता मांगू गाड़री के खेत में भी लकड़ियां व पेड़ पौधे जलकर राख हो गए । ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग के विकराल होने पर दमकल विभाग को सुचना दी, सुचना पर भीलवाड़ा से पहुंची दमकल ने तीन फेर कर ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

## लूट के मामले में 19 साल से फरार 3 वारंटी एमपी के जंगलों से गिरफ्तार, साइबर ठगों का दलाल भी चढ़ा हत्थे

**बिजौलिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, विशेष अभियान के तहत हुई वांटेड अपराधियों की धरपकड़**

स्मार्ट हलचल | बिजौलिया

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में जिले भर में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान (1 से 30 अप्रैल) के तहत बिजौलिया पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस टीम ने लूट के एक पुराने प्रकरण में पिछले 19 वर्षों से फरार चल रहे 3 स्थाई वारंटियों को मध्य प्रदेश के धार जिले स्थित टांडा के जंगलों से गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही साइबर धोखाधड़ी के मामले में ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले एक स्थानीय दलाल को भी दबोचा गया है।

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक (मुख्यालय) पारस जैन एवं माण्डलगढ़ वृत्ताधिकारी बाबूलाल विश्नोई के सुपरविजन तथा बिजौलिया थानाधिकारी स्वागत पाण्डया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

**टांडा के जंगलों में दबिश देकर पकड़े गए लूट के 3 आरोपीः**

न्यायिक मजिस्ट्रेट बिजौलिया के न्यायालय से लूट के प्रकरण में 19 साल से वांछित चल रहे तीन स्थाई वारंटियों को पुलिस ने एमपी के धार जिले से दबोचा है। गिरफ्तार आरोपियों का विवरण इस प्रकार हैः

मच्छर सिंह उर्फ कमरु (65) पिता जाम सिंह, निवासी कुराडदा, थाना गनवानी, जिला धार (म.प्र.), रमेश उर्फ मेसिया (39) पिता गाजिया भील, निवासी कुराडदा, थाना गनवानी, जिला धार (म.प्र.), नसरु (42) पिता गाजिया भील, निवासी कुराडदा, थाना गनवानी, जिला धार (म.प्र.)।

**साइबर ठगों का मददगार दलाल गिरफ्तारः**

लूट के आरोपियों के अलावा, पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के एक मामले में भैरू सोनी (36) पुत्र राधाकिशन, निवासी आरोली का झोपड़ा (थाना बिजौलिया) को भी गिरफ्तार किया है। यह आरोपी बैंक खाताधारकों से उनके खाते खरीदकर साइबर ठगों को उपलब्ध करवाता था। इस प्रकरण में पुलिस पूर्व में 3 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

**कार्रवाई में इन पुलिसकर्मियों का रहा विशेष योगदानः**

इस पूरी धरपकड़ कार्रवाई में कांस्टेबल विनोद (थाना बड़लियास), कांस्टेबल श्रवण कुमार (थाना माण्डलगढ़) और कांस्टेबल मदनलाल (थाना बीगोद) का विशेष योगदान रहा। पुलिस टीम में इनके अलावा सउनि लक्ष्मण सिंह, कांस्टेबल हेमाराम और कांस्टेबल विश्राम भी शामिल रहे।

## बायोडेटा परिणय संगम आयोजित

**युवक - युवतियों के लिए रिश्तो का मंच तैयार**



स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

न्यू मेवाड़ माहेश्वरी बायोडेटा ग्रुप के तत्वाधान में समाज के अविवाहित युवक युवतियों के लिए अनुकूल रिश्ते ध्यान में लेने हेतु में प्रथम बार बायोडेटा अवलोकन का आयोजन रामानुज कोट बनेड़ा में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्रीमती स्नेहलता जी भंडारी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार इस आयोजन का उद्देश्य माहेश्वरी समाज के युवक युवतियों को एक उपयुक्त जीवनसाथी चुनने के लिए सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ भगवान महेश की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने भाग लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किये। इस पुनीत अवसर पर माहेश्वरी समाज की सभी महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

## 10 लाख रुपए के चेक अनादरण का आरोपी दोषमुक्त

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

ज्ञानचंद जैन पुत्र माणकचंद जैन ने 10 लाख रुपए के चेक अनादरण का मामला दिनांक 1/6/2022 को देवकरण जाट पुत्र मिश्रिलाल जाट निवासी मलान सुभाषनगर भीलवाड़ा के खिलाफ सक्षम न्यायालय मे पेश किया कि देवकरण ने घरु खर्च हेतु उधार ली गई राशि की अदायगी हेतु 10 लाख रूपये का चेक जारी किया, जो अनादरित हुआ, बावजूद नोटिस भी रकम अदा नहीं की7 प्रकरण के आरोपी देवकरण जाट की ओर से एडवोकेट रमेश चंद शर्मा प्रथम, आशीष गौतम ने परिवादी द्वारा पेश मौखिक/दस्तावेजी साक्ष्य का खंडन करते हुए, बचाव मे दस्तावेजी साक्ष्य पेश कर बहस की7 माननीय विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एन आई एक्ट प्रकरण संख्या 5 भीलवाड़ा ने बचाव के बिन्दुओ, आरोपी की ओर से दिए गये तर्को व प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होकर, परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रकरण मे निर्णय दिनांक 17/4/2026 को पारित फरमाते हुए आरोपी देवकरण जाट को धारा 138 एन. आई. एक्ट के अपराध से दोषमुक्त घोषित किया है।

## कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2026: जिले में 19 केन्द्रों पर आयोजित होगी भर्ती परीक्षा, परीक्षार्थियों के लिए निर्देश जारी

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2026 दिनांक 18 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिले में निर्धारित कुल 19 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है।

इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए बोर्ड से निम्नानुसार निर्देश प्रदान किये गये है :- परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र में अंकित निर्धारित ड्रेस कोड में ही आने हेतु निर्देशित किया गया है। मोबाइल एवं किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, घड़ी, केल्कुलेटर आदि पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा के निर्धारित समय प्रातः 11 बजे से दो घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश प्रारम्भ कर दिया जाएगा जो परीक्षा प्रारम्भ होने के ठीक एक घण्टा प्रातः 10 बजे प्रवेश बन्द कर दिया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में अनुमत समय उपरांत केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षार्थियों को अपने साथ बोर्ड द्वारा अनुमत मूल फोटो युक्त पहचान पत्र, एक रंगीन फोटो एवं प्रवेश पत्र साथ लाना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को समस्त प्रश्नों के लिए किसी भी एक विकल्प (गोला) को भरने के लिए निर्धारित परीक्षा समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

परीक्षा संचालन में किसी प्रकार से अनुचित साधनों का उपयोग, अनियमित एवं अविधिपूर्वक गतिविधियों (अधिनियम की धारा 2 (च) के अन्तर्गत यथा परिभाषित) में संलिप्तता पाई जाती है तो उनके विरूद्ध राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती के अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम 2022 एवं (संशोधन) अधिनियम, 2023 के संख्यांक (17) के अनुसार 10 लाख से लेकर अधिकतम 10 करोड़ रूपये तक का दंड तथा 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा के प्रावधान है, जिसके अंतर्गत कठोर दंडात्मक कानूनी कार्यवाही की जा सकती है साथ ही ऐसे परीक्षार्थी को आगे परीक्षा देने से विवर्जित भी किया जावेगा।

**मृत्युभोज छोड़ समाजसेवा की मिसाल**

## जालमपुरा विद्यालय को वाटर कूलर व पंखे भेंट

स्मार्ट हलचल | जालमपुरा



गांव जालमपुरा निवासी श्री उम्मेद सिंह (अनिल) मीणा के पूज्य पिताजी स्व. श्री मेवा राम जी का 21 मार्च 2026 को स्वर्गवास हो गया, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।


स्व. मेवा राम जी की पावन स्मृति में उनके पुत्र अनिल मीणा ने एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए पारंपरिक मृत्युभोज का आयोजन नहीं किया। इसके स्थान पर उन्होंने समाजहित को प्राथमिकता देते हुए जालमपुरा विद्यालय में एक वाटर कूलर एवं 5 पंखे भेंट किए।

इस सराहनीय पहल से विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी। ग्रामीणों एवं विद्यालय स्टाफ ने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बताया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्व. मेवा राम जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, रोज हो रही हजारों लीटर पानी की बर्बादी

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



शहर के कोटा रोड स्थित यश विहार के बाहर पिछले कई समय से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है, जिससे रोजाना हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। लेकिन इस और अब तक किसी का ध्यान नहीं गया। वहीं जब इस बारे में जलदाय विभाग के एक्सईएन किशन खोईवाल को कॉल किया गया तो उनका फोन नो रिप्लाई मिला।

## रेल्वे की DRUCC बैठक में रेल यात्रियों के अहम मुद्दों पर चर्चा

स्मार्ट हलचल | अजमेर

रेल मंडल की डिवीजनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी की बैठक मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में रेल मंडल के समस्त वरिष्ठ अधिकारी एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि बैठक में भीलवाड़ा सांसद का प्रतिनिधित्व करते हुए ष्ठ'ष्ठष्ट सदस्य राकेश कसेरा ने भीलवाड़ा जिले से जुड़े रेल संबंधी विषयों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने निम्नलिखित महत्वपूर्ण मांगें रेल प्रशासन के समक्ष रखींः

स्टेशन सुविधाओं में सुधार – भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर यात्री





सुविधाओं को बेहतर बनाने की मांग। नई रेलगाड़ियों का संचालन – जिले की यात्री आवश्यकताओं को देखते हुए नई ट्रेनें चलाने का आग्रह।

वंदे भारत एक्सप्रेस का विस्तार – उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को यात्रियों के लिए अधिक उपयोगी टाइम-टेबल के अनुसार पुनः संचालित करते हुए दिल्ली कैंट तक विस्तारित करने की मांग। यात्री हित के अन्य विषय – आम रेल यात्रियों की सुविधा से जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदु भी बैठक में प्रस्तुत किए गए।

कसेरा ने बताया कि राजु भुतरा ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और संबंधित विषयों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि रेल प्रशासन भीलवाड़ा के यात्रियों की इन उचित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा।

## मांडलगढ़ मॉडल स्कूल का 10वीं का परिणाम 95.3% रहा

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़

स्थानीय मॉडल स्कूल का कक्षा 10 (सत्र 2025-26) का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 95.3 प्रतिशत रहा। इस शानदार सफलता पर विद्यालय की प्रार्थना सभा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को उपरना पहनाकर सम्मानित किया गया।

### विद्यालय के होनहार टॉपर्स

प्रथम स्थानः जयेश चौधरी (90.20%)

द्वितीय स्थानः दिव्यांशी त्रिपाठी (88.40%)

तृतीय स्थानः प्रवीण पांडे (85.60%)

चतुर्थ स्थानः आरुषि भंडारी (84.40%)

पांचवां स्थानः किजन मंडोर, रवीना त्रिपाठी और शिवम जीनगर (तीनों ने 81% अंक प्राप्त किए)

परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहने पर विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के एसडीएमसी सदस्यों ने भी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी है। वहीं, श्रेष्ठ परिणाम देने वाले छात्र-छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने विषय अध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन, संस्था प्रधान के सहयोग और अपनी कठिन मेहनत को दिया है।

**अन्य विद्यार्थी भी लें प्रेरणाः**

विद्यालय के संस्था प्रधान राजेंद्र सिंह राणावत ने सम्मानित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने आगे आने वाले बच्चों को इन प्रतिभावान छात्रों से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा, जबकि कार्यक्रम के मंच का सफल संचालन लक्ष्मण मीणा ने किया।

## जिला कलक्टर के निर्देश पर माण्डलगढ़ उपखंड में समस्त विभागीय अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

**राजकीय कार्यालयों में अधिकारियों ने किए आकस्मिक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश', निरीक्षण में शिकायत निस्तारण, ई-गवर्नेंस और विकास कार्यों की प्रगति पर दिया जोर**

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को माण्डलगढ़ उपखण्ड का दौरा कर विभिन्न राजकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा उपखण्ड कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने कार्यालयों में साफ-सफाई, अभिलेख संधारण, आवक-जावक रजिस्टर, उपस्थिति पंजिका सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अभिलेख अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रूप से संधारित किए जाएं तथा कार्यालयीन कार्यों का निस्तारण





निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किया जाए। ई-फाइल एवं ई-डाक के निस्तारण की समीक्षा के दौरान लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए।

जिला कलेक्टर ने बताया कि आमजन से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान की जाए।

पंचायत समिति कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की प्रगति, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों एवं विकास कार्यों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं तथा सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही ग्रीष्मकालीन कंटीजेंसी के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा क्षेत्र में पेयजल सहित आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को बताया कि कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी और जवाबदेही तय करते हुए प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार माण्डलगढ़ उपखण्ड में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी अपने-अपने अधीनस्थ कार्यालयों के निरीक्षण किए गए तथा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

# गुलाबपुरा के नवनीत ने आरएएस में तीसरी रैंक से मचा दिया धमाका

## सेल्फ स्टडी से हासिल की सफलता, 24 साल की उम्र में दूसरा अटेम्प्ट बना टर्निंग पॉइंट परिवार को दिया श्रेय

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा कस्बे के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित आरएएस परीक्षा-2024 के परिणाम में नवनीत शर्मा ने पूरे प्रदेश में तीसरी रैंक हासिल कर क्षेत्र सहित पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया।

साधारण परिवार से निकलकर असाधारण सफलता हासिल करने वाले 24 वर्षीय नवनीत शर्मा ने यह मुकाम सेल्फ स्टडी और कड़ी मेहनत के दम पर हासिल किया। उन्होंने आरएएस मेंस परीक्षा में 282.50 अंक तथा इंटरव्यू में 60 अंक प्राप्त कर कुल 342.50 अंक अर्जित किए।

नवनीत मूल रूप से गुलाबपुरा उपखंड क्षेत्र के छोटे से गांव बराठिया के रहने वाले हैं और वर्तमान में हुरड़ा रोड स्थित कृष्णा नगर



में निवास करते हैं। उनके पिता मुकेश कुमार शर्मा शाहपुरा के खामोर गांव के राजकीय विद्यालय में तृतीय श्रेणी शिक्षक हैं, जबकि माता गृहिणी हैं, जिन्होंने एम.ए., बी.एड तक शिक्षा प्राप्त की है। परिवार में उनकी एक बड़ी बहन भी है, जो शिक्षा विभाग में एलडीसी पद पर कार्यरत है। नवनीत ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने इष्ट देव, माता-पिता और बहन को देते हुए उन्हें अपनी सबसे बड़ी प्रेरणा बताया।

नवनीत की सफलता के पीछे एक भावुक क्षण भी जुड़ा हुआ है। जब रिजल्ट घोषित हुआ, उस समय उनके पिता चारधाम व 12 ज्योतिर्लिंग यात्रा पर थे। आंध्र प्रदेश में श्रीशैलम मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन के दौरान ही नवनीत ने फोन कर तीसरी रैंक की खुशखबरी दी। यह सुनते ही पिता भावुक हो गए और भगवान शंकर का आशीर्वाद मानते हुए खुशी व्यक्त की।

नवनीत ने बताया कि उन्होंने एकाग्र मन से पढ़ाई की और घर पर रहकर प्रतिदिन 18 से 20 घंटे तक अध्ययन किया। उन्होंने ऑनलाइन कोचिंग का सहारा भी लिया, लेकिन मुख्य फोकस सेल्फ स्टडी पर रखा। वर्ष 2023 की आरएएस परीक्षा में उन्होंने 87वीं रैंक हासिल की थी और तहसीलदार पद पर चयन हुआ था। वर्तमान में वे अजमेर स्थित राजस्व प्रशिक्षण संस्थान में तहसीलदार के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि उनकी सफलता के पीछे उनकी मां की एक साधारण सी इच्छा भी प्रेरणा बनी। एक बार उन्होंने अपनी मां से पूछा था कि उन्हें क्या करने से खुशी मिलेगी, तो मां ने कहा था कि 'सरकारी नौकरी में लग जाओ।' इसी लक्ष्य को लेकर उन्होंने लगातार 3 वर्षों तक कड़ी मेहनत की और आज यह मुकाम हासिल किया।

नवनीत का मानना है कि यदि कोई विद्यार्थी गंभीरता से पढ़ाई करे और पेपर पैटर्न को समझे, तो आरएएस जैसी परीक्षा भी कठिन नहीं है। उन्होंने कहा कि बदलते पैटर्न और बढ़ते स्तर के बावजूद सही रणनीति से सफलता पाई जा सकती है। रिजल्ट के बाद जब नवनीत घर पहुंचे तो उनका ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। चचेरे पिता-पुत्र के गले मिलने का भावुक दृश्य हर किसी की आंखें नम कर गया।

नवनीत के पिता मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि उनका बेटा शुरू से ही मेहनती रहा है और उसकी इस उपलब्धि पर उन्हें गर्व है। वे स्वयं भी स्कूल में बच्चों को प्रेरित करते हैं कि वे पढ़-लिखकर बड़े पदों पर पहुंचें। नवनीत की इस उपलब्धि से पूरे गुलाबपुरा व शाहपुरा क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। पड़ोसी श्यामसुंदर पाराशर और नगर भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष हरिश शर्मा सहित अनेक लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया। कस्बे में लोगों ने मिठाइयां बांटकर और खुशी जताकर इस सफलता का जश्न मनाया।

# गंगापुर क्षेत्र में पैंथर का आतंक

## फिर बनाया गाय को शिकार, ग्रामीणों में दहशत

स्मार्ट हलचल | मुकेश गुर्जर

**गंगापुर।** निकटवर्ती सल्यावडी ग्राम में पैंथर के बढ़ते आतंक ने एक बार फिर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे पैंथर ने एक गाय को अपना शिकार बना लिया, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल और गहरा गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पैंथर ने पहले नीलगाय को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहने पर पास में चर रहे चार-पांच गायों के झुंड में से एक छोटी गाय पर हमला कर उसे मार डाला। पैंथर के खौफ के कारण कोई भी ग्रामीण घटना का लाइव फोटो या वीडियो नहीं ले सका।

स्थानीय निवासी गाय पालक पप्पू सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लगभग हर 15-20 दिन में पैंथर द्वारा किसी न किसी पशु को शिकार बनाया जा रहा है। इस संबंध में कई बार वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन को सूचना दी जा चुकी है। कई बार विभागीय टीमें मौके पर पहुंची भी हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो पाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि पैंथर का भय लगातार बढ़ता जा रहा है और अब यह खतरा केवल पशुओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कभी भी किसी ग्रामीण पर भी हमला हो सकता है। पूर्व में भी पैंथर के हमलों की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अभी तक वन विभाग द्वारा पैंथर को पकड़ने या क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में वन विभाग कार्मिक नारायण सिंह ने बताया कि जन सहयोग से चीते के लिए बकरे की व्यवस्था की जाए विभाग की तरफ से पिंजरा लगा दिया जाएगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर समस्या का तत्काल समाधान किया जाए, पैंथर को जल्द से जल्द पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए तथा क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि आमजन और उनके पशुओं की जान सुरक्षित रह सके।

# नाबालिग बालक एवं बालिका का बाल विवाह रुकवाया

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर प्राप्त बाल विवाह की सूचना पर गांधीनगर थाना से संपर्क कर 100 फिट रोड देवनारायण सर्किल के पास मौके पर पहुंच 2 बाल विवाह रुकवाए गए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया एवं काउंसलर निर्मला पुरोहित व गांधी नगर पुलिस ने 1 बालक एवं 1 बालिका को बाल कल्याण समिति अध्यक चंद्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव के समक्ष बालिका एवं बालक को प्रस्तुत कर बालिका को आश्रय हेतु सखी सेंटर पर रखवाया एवं बालक को आश्रय हेतु एवरेस्ट शेल्टर में रखवाया गया एवं परिवार को उपखंड अधिकारी के समक्ष



प्रस्तुत कर पाबंद करवाया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाए जाकर बाल विवाह की रोकथाम हेतु समुदाय में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है एवं बाल विवाह की सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दी जा सकती है, जानकारी देने का नाम गोपनीय रखा जाता है।

# अभिषेक सेन हत्याकांड: सर्व समाज का जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन, दोषियों को फांसी और सीबीआई जांच की मांग

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर शनिवार को समस्त सेन समाज और सर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे। प्रदर्शन के बाद उन्होंने राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इसमें शाहपुरा निवासी अभिषेक सेन की जयपुर में हुई हत्या के मामले में निष्पक्ष जांच, दोषियों को फांसी की सजा दिलाने तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गई।

सेन समाज के प्रतिनिधि राजेश सेन ने बताया कि भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा निवासी युवक अभिषेक सेन, जो जयपुर में सैलून व्यवसायी थे, उनकी असामाजिक तत्वों द्वारा सुनियोजित तरीके से बेरहमी से



पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। अपराधियों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को फांसी पर लटका दिया, ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिया जा सके।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्थानीय पुलिस (झोटवाड़ा थाना, जयपुर) में सूचना दी गई, लेकिन आज दिनांक तक पुलिस विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई और न ही रिपोर्ट दर्ज की गई। इस घटना से समस्त सेन समाज और सर्व समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि इस हत्याकांड की गंभीरता को देखते हुए इसकी निष्पक्ष जांच सीबीआई या उच्च स्तरीय एसआईटी से करवाई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। साथ ही दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए और उन्हें फांसी की सजा सुनिश्चित की जाए।

इसके अलावा उन्होंने पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने, मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने, बच्चों की शिक्षा और भविष्य की जिम्मेदारी सरकार द्वारा उठाने की भी मांग की। साथ ही मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई करने और सैलून व स्पा में कार्यरत कर्मचारियों का पंजीकरण अनिवार्य करने की मांग भी रखी गई।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 7 दिनों के भीतर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो सर्व हिंदू समाज द्वारा अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा और उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

# कमलेश कुमार शर्मा बने हिन्दू युवा सभा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार पूनिया ने कोर कमेटी अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र शर्मा झारलीवाल की अनुशंसा पर कमलेश कुमार शर्मा को हिन्दू युवा सभा भीलवाड़ा कार्यकारी जिलाअध्यक्ष के पद नियुक्त किया है। यह नियुक्ति कमलेश कुमार शर्मा के राष्ट्र व हिंदुत्व के लिए प्रति समर्पण व सामाजिक कार्यों में सहभागिता को देखते हुए दी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने पर कमलेश कुमार शर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान सम्मेलन जन आंदोलन के माध्यम से अखिल भारत हिन्दू महासभा को मजबूती प्रदान करते हुए राजस्थान में टीम गठित कर के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमपूज्य सनातन सम्राट स्वामी चक्रपाणि महाराज के



विचारों को जन जन तक पहुंचायेंगें। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष प. पूज्य सनातन सम्राट स्वामी चक्रपाणी महाराज, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार पूनिया, राजस्थान प्रदेश कोर कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेंद्र शर्मा झेरलीवाला और राजस्थान प्रदेश महामंत्री भागीरथ सिंह पिलानिया, प्रदेश संगठन महामंत्री अशोक कुमार योगी का आभार जताया और कहा कि जनसंपर्क बढ़ाकर और अधिक युवाओं को जोड़कर संगठन को और मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान का सदस्यता अभियान जारी



स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान विद्यालय शिक्षा का सदस्यता अभियान प्रदेश अध्यक्ष रमेश चन्द्र पुष्करणा व शाहपुरा जिला सम्पर्क प्रमुख कैलाश चन्द्र सुथार, अध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा के निर्देश से चलाया जा रहा है। खण्ड कोटड़ी के अध्यक्ष दुर्गा शंकर शर्मा के सानिध्य में जिला उपसभाध्यक्ष शान्ति लाल पोखरना, खण्ड मन्त्री पुष्पेंद्र शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता ब्लॉक के बड़लियास, सुठेपा, आमा, गेंदलिया, कोटड़ी, लसाड़िया, जीवाखेड़ा, बनकाखेड़ा, कोठाज, पारोली, किशनगढ़, नन्दराय सहित अनेक पंचायतों के उच्च माध्यमिक, उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालयों में पहुच कर शिक्षकों को संगठन की रीति-नीति की जानकारी दी तथा पिछले वर्ष में किये गए आयोजनों के बारेमे विस्तार से बताया। संगठन के प्रति कर्मचारियों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। कोटड़ी खण्ड में जिले के द्वारा पिछले वर्ष से अधिक सदस्यों को संगठन के सदस्य बनाने की जिम्मेदारी मिली है जिसे पूरा करने के लिए संगठन के पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य को अलग-अलग पंचायतवार जिम्मेदारी दी गई तथा टीम बना कर भेज रहे है। जिले के द्वारा दिये लक्ष्य को पूरा कर ब्लॉक का सबसे बड़े सदस्यों का संगठन बनाया जाएगा। कोटड़ी खण्ड अध्यक्ष दुर्गा शंकर शर्मा ने नये सत्र के सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने व विद्यालय के सभी वर्ग के साथियों को वार्षिक सदस्यता में सहयोग करने की अपील की है।

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल (गर्ल्स) का 10वीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

## परिश्रम जीवन में आगे बढ़ने का सबसे सच्चा और भरोसेमंद रास्ता है: ओम नराणीवाल

## अच्छे परिणाम के लिए सतत परिश्रम तथा सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती: राजेंद्र कचोलिया

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** श्री महेश सेवा समिति द्वारा संचालित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल (गर्ल्स), आजाद नगर में सीबीएसई की कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। विद्यालय की सभी छात्राओं ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर स्कूल और अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस शानदार परिणाम के उपलक्ष्य में महेश सेवा समिति के सदस्यों द्वारा उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को दुपटा ओढाकर, कलम तथा उपहार दे कर उत्साहवर्धन किया। समिति के निर्देशक एवं स्कूल प्रभारी दिलीप तोषनीवाल ने बताया की कक्षा दसवीं में विद्यालय की कुल 66 छात्राएं सम्मिलित हुई जिसमें 95 प्रतिशत से ऊपर 3 छात्राएं दृष्टि माहेश्वरी ने 97.6 प्रतिशत, अलास्का रॉय साध ने 97 प्रतिशत तथा देशना जैन ने 95.2 प्रतिशत प्राप्त किये। 90 से 95 प्रतिशत में 8 छात्राएं भव्या शर्मा 94.4 प्रतिशत, श्रृष्टि जैन 94.4 प्रतिशत, मनस्वी पुरोहित 94 प्रतिशत, रितिशा आर्या 93.8 प्रतिशत, लावण्या तंवर 93 प्रतिशत, अवनी डाड 91.2 प्रतिशत, भूमिका अजमेरा 90.4 प्रतिशत, मनस्वी सोमानी 90.4 प्रतिशत, तथा 85 से 90 प्रतिशत में 10 छात्राएं, 80 से 85 प्रतिशत में 7 छात्राएं, 75 से 80 प्रतिशत में 13 छात्राएं, 70 से 75 प्रतिशत में 8 छात्राएं, 60 से 70 प्रतिशत 15 छात्राएं,




55 से 60 प्रतिशत अंक 2 छात्राओ ने हासिल किये। अभिभावकों ने अपने उद्बोधन में बताया कि माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, आजाद नगर में अपने बच्चों को पढ़ाना हमारे लिए बहुत गर्व कि बात है, यहाँ हमारे बच्चो के सर्वांगीन विकास के साथ छात्राओं को पूर्ण सुरक्षा तथा आज के परिपेक्ष के अनुसार शिक्षित किया जाता है। महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओम नराणीवाल ने कहा कि परिश्रम जीवन में आगे बढ़ने का सबसे सच्चा और भरोसेमंद रास्ता है। उन्होने अच्छे परिणाम के लिए छात्राओं तथा शिक्षकों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सचिव राजेंद्र कचोलिया ने कहा कि अच्छे परिणाम के लिए सतत परिश्रम तथा सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है जो हमारे विद्यालय में हमेशा से मिलती आ रही है और मिलती रहेगी इसलिए हमारे विद्यालय की छात्राएं हर क्षेत्र में बहुत आगे निकल रही हैं। समिति के निर्देशक एवं स्कूल प्रभारी दिलीप तोषनीवाल ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाया तथा इसी प्रकार परिश्रम करके आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। समिति के निर्देशक एवं स्कूल प्रभारी चंद्र प्रकाश कालिया ने बताया कि हमारे विद्यालय की छात्राए अन्य छात्राओ के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। समिति के सभी गणमान्य सदस्यों ने उत्तीर्ण सभी छात्राओं को बधाई प्रेषित की। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अल्पासिंह ने छात्राओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्राओं के अभिभावको ने उत्तीर्ण सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए समिति सदस्यों, प्रधानाचार्या तथा शिक्षको का आभार व्यक्त किया और माहेश्वरी पब्लिक स्कूल की प्रशंसा की। अंत में उप प्रधानाचार्या श्रीमती रुचि रस्तोगी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# एक शाम चारभुजानाथ के भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** क्षेत्र के लसाड़िया गांव में शुक्रवार रात्रि को एक शाम चारभुजानाथ के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया । जिसमे भजन गायक कलाकारों ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दी । लसाड़िया गांव में श्यामलाल वैष्णव के ठाकुर जी फावड़ा पधारे इस उपलक्ष पर एक शाम चारभुजानाथ के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भंवर दास वैष्णव ढ़ेलाणा ने गणपति वंदना व गुरु वंदना के साथ भजन संध्या की शुरुआत की । इसके बाद राजराम वैष्णव ककरोलिया माफी ने यो तो धनुष बड़ों विकराल, रघुवीर छोटा सा... व काना मत मारे कांकरिया मटकियां फूट जावे ली... अन्य भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दी । पूजा ओझा ने कृष्ण भगवान के भजनों की प्रस्तुतियां दी । सांवर वैष्णव ढ़ेलाणा ने मारा चारभुजा रा नाथ मारा लसाड़िया का श्याम मांगू जो तो सगलो दिज्यो जोडू दोनों हाथ... व रंग मत डाले रे सांवरिया माने गुजर मारे लो... भजनों की प्रस्तुतियां दी । भगवान दास वैष्णव भाकलिया ने चंदा छुप जा बादल में मेरा राम गया वनवास... आदि कई भजनों की प्रस्तुतियां दी । बलराम वैष्णव ककरोलिया माफी ने चित्रकूट के घाट घाट पर, भीलडी जुवे वाट, राम मेरे घर आना... आदि कई एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दी, जिस पर श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर नाचने झूमने लगे । भजन संध्या भौंर तक चली।

# पुष्कर में काव्य और अध्यात्म का हुआ संगम, देशभर से आए विद्वान व संत

## शाहपुरा के डॉ. कैलाश मण्डेला को मिला सुरेन्द्र दुबे स्मृति राष्ट्रीय सम्मान 2026

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** विश्वविख्यात हास्यकवि एवं संवेदनशील गीतकार स्व. सुरेन्द्र दुबे की स्मृति में आयोजित 8वें सम्मान समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन ने पुष्कर स्थित गायत्री मणिवेदिक शक्तिपीठ पर एक ऐतिहासिक अध्याय रच दिया। स्वामी प्रखर महाराज के सानिध्य में चल रहे 43 दिवसीय शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ के अंतर्गत आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में हजारों श्रोताओं की उपस्थिति ने यह सिद्ध कर दिया कि कविता का धर्म और आध्यात्म से गहरा जुड़ाव है।

देशभर से पहुंचे विद्वानों, संतों एवं शास्त्र अध्येताओं की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया। अजमेर जिले की ख्याति को अपनी रचनाओं से विश्व पटल पर स्थापित करने वाले स्व. सुरेन्द्र दुबे की स्मृति में आयोजित इस समारोह में 'सुरेन्द्र दुबे स्मृति सम्मान-2026' भीलवाड़ा जिले के गौरव, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जनकवि एवं



गीतकार डॉ. कैलाश मण्डेला (शाहपुरा) को प्रदान किया गया।

संस्थान द्वारा घोषित एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपये की सम्मान राशि, ताम्र पत्र एवं अलंकरणों के साथ यह सम्मान महायज्ञ के प्रणेता गुरुवर प्रखरजी महाराज, संस्थान अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश दुबे एवं अन्य गणमान्य संतों व कवियों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. मण्डेला के बहुआयामी साहित्यिक योगदान को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी प्रखर महाराज का 21 किलो की माला एवं एक क्विंटल गुलाब पंखुड़ियों से भव्य अभिनंदन किया गया। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश दुबे ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन को सफल बनाने में सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

विश्व प्रसिद्ध मंच संचालिका डॉ. कीर्ति काले के प्रभावशाली संचालन में प्रारंभ हुए कवि सम्मेलन में सरस्वती वंदना से ही वातावरण भक्तिमय हो उठा। सम्मानित कवि डॉ. कैलाश मण्डेला ने स्व. सुरेन्द्र दुबे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उनकी प्रेरणादायक पंक्तियां 'जीतोगे तुम सदा विचारों, लड़ने से पहले मत हारो' उद्धृत कर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

कवि सम्मेलन में हास्य कवि दिनेश बंटी ने अपनी प्रसिद्ध रचना 'पंचायती नोहरा' प्रस्तुत कर श्रोताओं को ठहाकों से गूंजा दिया। वहीं लखनऊ से आए युवा ओजस्वी कवि प्रख्यात मिश्रा ने अपनी देशभक्ति से ओतप्रोत रचना 'राम वही जो शबरी को सम्मान दिलाने वाले हैं' सुनाकर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया।

ब्यावर के व्यंग्यकार शिव तूफान ने 'भगवान का पता' रचना के माध्यम से तीखा व्यंग्य प्रस्तुत किया, जिसे खूब सराहा गया। दिल्ली से आई अंतरराष्ट्रीय कवयित्री डॉ. कीर्ति काले ने 'अयोध्या में अगर ढूंढो' सहित मां गंगा और बेटी की विदाई पर मार्मिक रचनाएं प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया।

नई दिल्ली के प्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य कवि डॉ. प्रवीण शुक्ल ने अपने विशिष्ट अंदाज में 'कुरुक्षेत्र युद्ध' पर आधारित रचना प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बिजयनगर के कवि नवीन शर्मा ने भी अपने गीतों से समां बांधा।

सम्मानित कवि डॉ. कैलाश मण्डेला ने अपनी गुरुवंदना 'असीम जिनकी चेतना' एवं 'गुरु जगमग करता तारा रे' प्रस्तुत कर ऐसा आध्यात्मिक वातावरण बनाया कि श्रोता झूम उठे। उनकी प्रस्तुति के दौरान मंच पर नोटों और फूलों की वर्षा होती रही, जो कार्यक्रम की लोकप्रियता का प्रतीक बनी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वामी आनंद ब्रह्मचारी महाराज ने कवि सम्मेलन को अत्यंत सफल बताते हुए अपनी काव्यमयी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम, सज्जन प्रसाद तिवाड़ी, भजन गायक नंदू महाराज, पंडित पुखराज दुबे, अशोक पारीक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल काव्य प्रतिभाओं का संगम रहा, बल्कि आध्यात्म और संस्कृति के समन्वय का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा।

# मोड़ का निम्बाहेड़ा में टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित



स्मार्ट हलचल

**मोड़ का निंबाहेड़ा।** मोड़ का निम्बाहेड़ा कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हैन्डहेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से 50-60 संदिग्ध मरीजों की जांच की गई तथा चिन्हित लोगों का चेस्ट एक्स-रे किया गया।

शिविर के दौरान कुल 16 संदिग्ध मरीजों के बलगम के सैंपल लेकर ट्रू-नाट जांच के लिए आसींद स्थित लैब में भेजे गए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों को टीबी रोग के लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व के बारे में जागरूक भी किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन की उपलब्धता से आसपास के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शिविर में पहुंचे लोगों ने इस पहल पर खुशी जताई। शिविर का संचालन प्रभारी डॉ. हर्षित प्रजापति के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान लैब टेक्नीशियन राजकुमार शर्मा, एक्स-रे टेक्नीशियन विष्णु कुमार शर्मा, ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर वीरेन्द्र शिशोदिया, एएनएम राधा व्यास तथा आशा सहयोगी पूनम रैगर व शमीम बेगम सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जहाजपुर उप जिला चिकित्सालयः 6 साल बाद फिर शुरू हुआ ऑपरेशन थिएटर, दो मरीजों की आंखों का सफल ऑपरेशन

## डॉ. दिलीप मीना की पहल रंग लाई, स्टाफ के सहयोग से स्थानीय स्तर पर मिली बड़ी राहत

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** राजकीय उप जिला चिकित्सालय जहाजपुर में मरीजों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है। वर्ष 2018 से बंद पड़ा अस्पताल का ऑपरेशन थिएटर शनिवार (18 अप्रैल) को एक बार फिर से शुरू हो गया है। नेत्र रोग विशेषज्ञ के पदस्थापन के बाद यहां दो मरीजों की आंखों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर इस थिएटर को दोबारा जीवंत कर दिया गया।



### ऑपरेशन थिएटर से जुड़ी मुख्य बातें:

6 साल से क्यों बंद थाः गायनिक डॉक्टर बिंदु गुप्ता के स्थानांतरण और उसके बाद सर्जन व एनेस्थीसिया विशेषज्ञों की भारी कमी के चलते पिछले 6 वर्षों से यह ऑपरेशन थिएटर पूरी तरह से बंद पड़ा था।

डॉ. मीना ने लौटाई उम्मीदः अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दिलीप मीना की नियुक्ति के बाद से ही यहां ऑपरेशन दोबारा शुरू होने की उम्मीद जगी थी, जो अब हकीकत में बदल गई है।

दो मरीजों को मिली रोशनीः शनिवार को डॉ. मीना ने एक महिला और एक पुरुष मरीज की आंखों का सफल ऑपरेशन किया। स्थानीय स्तर पर ही यह सुविधा मिलने से मरीजों को अन्य शहरों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी।

### प्रशासन और स्टाफ के सहयोग से मिली सफलताः

डॉ. दिलीप मीना ने बताया कि यह कार्य चिकित्सालय प्रशासन और स्टाफ के पूर्ण सहयोग से ही संभव हो पाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी मरीजों को इसी तरह बेहतर चिकित्सा सुविधाएं अनवरत मिलती रहेंगी।

इस सफल ऑपरेशन के दौरान सहायक नेत्र रोग विशेषज्ञ दिनेश रेगर, नर्सिंग ऑफिसर अर्जन मीना, महेन्द्र मीना, रविन्द्र मीना और रवि मीना सहित अन्य चिकित्सा स्टाफ मुस्तैदी से मौजूद रहा और दोनों मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन संपन्न करवाया।

# शहर बूंदी में जुआ खेलते व सट्टा लगाते 22 आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | बूंदी

जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि नये आपराधिक कानून के तहत संगठित अपराधों के खिलाफ कार्यवाही के क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बून्दी श्रीमती उमा शर्मा के मार्गदर्शन एवं वृत्ताधिकारी वृत्त बूंदी अजीत मेघवंशी के सुपरविजन में सुश्री निर्मला पांडिया आर.पी.एस. (प्रो.) थानाधिकारी थाना कोतवाली बूंदी के नेतृत्व में बूंदी शहर में चल रहे अवैध जुआ, सटटा के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 22 आरोपीगण को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जुआ/सटटा राशि 29020 रुपये, ताश पत्ते, कैलकूलेटर, सटटा पर्चिया को जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। कार्यवाही में गिरफ्तार किये गये आरोपीगण से अनुसंधान किया गया। अवैध रुप से मकान में जुआ/सटटा चलाने के मामले में मकान मालिक व जुआ सटटे का संचालन करने वालों के संबंध में आरोपीगण से पूछताछ की गई। मामले में नये कानून के तहत शहर बूंदी में जुआ/सटटा के खिलाफ प्रथम कार्यवाही की गई है। आरोपीगण को आज न्यायालय में पेश करने पर न्यायालय आदेशानुसार न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है।

# परशुराम प्राकट्य उत्सव पर निकली शोभायात्रा का भव्य स्वागत



स्मार्ट हलचल |कोटा

महाराष्ट्रीय ब्राह्मण समाज द्वारा परशुराम प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा का शहर में भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। समाज के महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर श्रद्धा और उल्लास के साथ शोभायात्रा का हिस्सा बने। कार्यक्रम संयोजक चंद्रकांत देवले ने बताया कि शोभायात्रा के महर्षि गौतम सामुदायिक भवन पहुंचने पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान वातावरण धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव से सराबोर रहा। इस अवसर पर अनिल खांडेकर, गोविंद देवले, अनिल गोकटे, आनंद गोकटे, विशाल उपाध्याय, अमोल चावरेकर, विकास तामनकर, जयंत काले, विजय नाईक सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। महिला इकाई में भावना काले, योगिता चावरेकर, सोनाली उपाध्याय, मंजूषा तामनकर, मंजू देवले, अलका देवले, अर्चना उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही।

# कोटड़ी का अनुराग गुजराती बना तहसीलदार, क्षेत्र में खुशी की लहर

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** कस्बे के होनहार युवक अनुराग गुजराती ने आरएएस (राजस्थान प्रशासनिक सेवा) परीक्षा 252वी रेंक से उत्तीर्ण कर तहसीलदार पद हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे कोटड़ी कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में गर्व और खुशी का माहौल है। जैसे ही उनकी सफलता की खबर फैली, बधाई देने वालों का तांता लग गया। अनुराग गुजराती के पिता सत्यनारायण गुजराती प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हैं। परिवार में शुरू से ही शिक्षा और अनुशासन का माहौल



रहा। जिसका परिणाम अनुराग की इस सफलता के रूप में सामने आया है। अनुराग ने अपनी मेहनत, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के दम पर यह मुकाम हासिल किया है जिससे युवा वर्ग को एक नई दिशा मिली है। इसका श्रेय पिता व बड़े भाई अमित गुजराती की प्रेरणा को दिया है। बेटे की इस सफलता से परिवार में उत्सव जैसा माहौल है। घर पर दिनभर रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों का आना-जाना लगा रहा। सभी ने मिठाई खिलाकर अनुराग का मुंह मीठा कराया और साफा पहनाकर उनका सम्मान किया। परिवारजनों ने इसे वर्षों की मेहनत और संघर्ष का फल बताया। स्थानीय नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों ने भी अनुराग की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। अमित गुजराती, दिनेश डीडवानिया, महेंद्र टेलर, धर्मेंद्र पाटोदी, घनश्याम काबरा, भगवती लाल शर्मा सहित अनेक लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुराग ने कोटड़ी का मान बढ़ाया है। उनकी सफलता से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे भी कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर बड़े लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई कि अनुराग अपने पद पर रहते हुए ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करेंगे तथा आमजन की समस्याओं का समाधान कर समाज की सेवा करेंगे। अनुराग की इस उपलब्धि को कोटड़ी के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताया जा रहा है, जिसने पूरे क्षेत्र को उत्साहित और प्रेरित किया है।

# यादव समाज का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आज, 25 जोड़े लेंगे सात फेरे

स्मार्ट हलचल | कोटा

अमृत सेवा संस्थान एवं यादव समाज गूंज महिला मण्डल के तत्वावधान में रविवार को रामलीला दशहरा मैदान, सीएडी सर्किल पर निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में 25 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे।

महिला मण्डल अध्यक्ष ज्योति यादव ने बताया कि विगत तीन माह से इस आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। सम्मेलन में अनाथ एवं विधवा माताओं की पुत्रियों को प्राथमिकता दी गई है। शनिवार को भोजन, टेंट व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें संयोजक प्रदीप यादव, व्यवस्थापक ललित यादव, संरक्षक शिवचरण यादव, महासचिव शशि यादव, कोषाध्यक्ष अनिता यादव तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रानी यादव उपस्थित रहीं।

संयोजक प्रदीप यादव ने बताया कि 25 जोड़ों में अधिकांश हाड़ौती संभाग से हैं।

संयोजक विजय बागोलिया व दीपक यादव ने बताया कि इनमें एक जोड़ा गुना, मध्यप्रदेश से तथा एक जोड़ा दिव्यांग है। संरक्षक शिवचरण यादव ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। आयोजन में लगभग 8 से 10 हजार लोगो की उपस्थिती रहेगी।

विजय बागोलिया व प्रदीप यादव ने बताया कि विवाह पारंपरिक वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार सम्पन्न होंगे। प्रातः आठ बजे गणेश पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, इसके पश्चात कलश यात्रा, तोरण एवं वरमाला के कार्यक्रम होंगे। दोपहर तीन बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फेरे होंगे तथा सायं साढ़े पाँच बजे नवदंपत्तियों की विदाई दी जाएगी।

# श्रमिक कार्यशाला में सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

स्मार्ट हलचल | बूंदी

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी की अधिशाषी अभियंता दीप्ति पाटनी के निर्देशन में सीवरेज परियोजना के तहत शहर के रामगंज बालाजी स्थित एसटीपी में कार्यरत श्रमिकों को कार्यशाला के माध्यम से सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।



श्रमिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में श्रमिकों की भूमिका पर बोलते हुये कैप आरयूआईडीपी के सचिन मुदगल ने श्रमिको को बताया कि साईट पर कार्य करते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखे एवं पूरे सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्य करें, क्योंकि छोटी सी लापरवाही बडी दुर्घटना का कारण बन सकती है साथ ही बताया कि श्रमिकों को साईट पर कार्य करते समय किन किन प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड सकता है। सीएमएससी के सहायक निर्माण प्रबंधक देवेन्द्र सिंघल एवं सोशलसैफगार्ड नरेश महावर ने सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के बारे में बताते हुए कहा कि अगर कभी भी कोई दुर्घटना घटित हो जाती है तो हमें प्राथमिक उपचार के तौर पर क्या क्या करना चाहिए उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना होने पर हमें घबराना नहीं चाहिए बल्कि घायल व्यक्ति को सीधा लिटाते हुए एम्बुलेंस को कॉल करना चाहिए साथ ही अगर जरूरी हो तो व्यक्ति को सीपीआर भी देनी चाहिए और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाना चाहिए ।

इसके साथ ही श्रमिकों की स्क्रीनिंग, आई टेस्ट व मेडीकल टेस्ट के बारे में जानकारी दी। इंजीनियर हर्ष शर्मा ने गर्मी व लू से बचाव के उपायों में कहा कि खूब पानी पिएं व खाली पेट न रहें, धूप में निकलने से पहले कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पिएं, बुखार व लू लगने पर निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। ह्र. ऋरु. का घोल, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी, फलों का रस इत्यादि का सेवन लाभदायक होता

इस अवसर पर संवेदक फर्म के दीपक पत्रा, गौरव प्रताप सिंह, अजय एवं श्रमिकों सहभगिता निभाई।

# लेन सिस्टम की अवहेलना पर 1.58 लाख जुर्माना वसूला

**चित्तौड़गढ़।** जिले से निकल रहे राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों को लेन ड्राइविंग नियमों की सख्ती से पालना करवाने हेतु पुलिस द्वारा नेशनल हाइवे 48 पर गंगरार से मंगलवाड़ तक शुक्रवार को वीओसी एप के माध्यम से 316 चालान बना 1 लाख 58 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि जिले से निकल रहे राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों को लेन ड्राइविंग नियमों की सख्ती से पालना करवाई जा रही हैं। लेन सिस्टम की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। पुलिस द्वारा निरंतर लेन सिस्टम की पालना करवा रहे हैं। गंगरार से रिठोला व रिठोला से मंगलवाड़ तक दो इंटरसेप्टर वाहन लगाए गए हैं। ट्रैफिक डीएसपी शिव प्रकाश ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर लेन सिस्टम की सख्ती से पालना करवाई जा रही हैं व कोशिश की जा रही हैं, सभी इसका पालन करे।

# सांगोद और सुल्तानपुर कृषि मंडियों में 7.28 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को मिली वित्तीय स्वीकृति

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के प्रयासों से क्षेत्र के किसानों की सुविधाओं और कृषि विपणन ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ी सफलता मिली है। राजस्थान सरकार के कृषि विपणन निदेशालय, जयपुर ने कोटा (अनाज) मंडी के अंतर्गत आने वाले सांगोद और सुल्तानपुर सब-यार्ड में विभिन्न नवीन निर्माण कार्यों के लिए 728.34 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। इस स्वीकृति से क्षेत्र के किसानों को फसल बेचने और उनके भंडारण के लिए आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। जिससे लंबे समय से चली आ रही आधारभूत ढाँचे की मांग पूरी होगी।

जारी आदेश के अनुसार, सांगोद सब-यार्ड में किसानों की सुविधा के लिए 705.73 लाख रुपए की लागत से 400'म100' आकार के विशाल 'सेल्फ सपोर्टिंग मेटल डोम रूफिंग' ऑक्शन प्लेटफार्म का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही वहां आवागमन को सुगम बनाने के लिए सर्कुलेटिंग और एप्रोच रोड का निर्माण भी किया जाएगा। इस आधुनिक डोम शेड के बनने से किसानों की फसलें मौसम की मार और बारिश से सुरक्षित रह सकेंगी।

निर्माण कार्यों के साथ-साथ मंडियों के आधुनिकीकरण और सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। विभाग द्वारा सांगोद और सुल्तानपुर सब-यार्ड में विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 22.61 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत सांगोद मंडी यार्ड में सर्विस कनेक्शन और स्ट्रीट लाइट स्थापना के लिए 7.12 लाख रुपए तथा सुल्तानपुर सब-यार्ड में 15.49 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इन कार्यों से मंडी परिसर रात्रि के समय भी दूधिया रोशनी से सराबोर रहेंगे। जिससे किसानों और व्यापारियों को कार्य करने में सुगमता होगी।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि इन सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और सार्वजनिक निर्माण विभाग के मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। ऊर्जा मंत्री ने इस बड़ी सौगात के लिए मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास और उन्हें उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने हेतु बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए संकल्पबद्ध है। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से सांगोद विधानसभा क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधा लाभ पहुँचेगा।

'सांगोद और सुल्तानपुर की मंडियों का कायाकल्प होना क्षेत्र के किसानों की पुरानी मांग थी। इस बड़ी सौगात के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री, प्रदेश के कृषि मंत्री और विशेष रूप से कोटा-बूंदी सांसद एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का हृदय से आभार है। ओम बिरला जी के मार्गदर्शन और केंद्र व राज्य सरकार के समन्वय से ही हाड़ौती के किसानों को निरंतर नई सुविधाएं मिल रही हैं। उनके प्रयासों से ही कृषि क्षेत्र में विकास की गति तेज हुई है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार 'अन्नदाता' के कल्याण के लिए समर्पित है। कृषि उपज मंडी समिति कोटा अनाज के माध्यम से होने वाले इन कार्यों से स्थानीय व्यापार को भी नई ऊंचाइयां मिलेंगी।'

**- हीरालाल नागर, ऊर्जा मंत्री**

# अर्बना टेक्नोपार्क का भव्य शुभारंभ, उद्योगों के नए दौर की ओर बढ़ा कोटा

## कोटा को मिला पहला निजी औद्योगिक पार्क, निवेश और उद्योगों को नई रफ्तार

## हम सिर्फ जमीन नहीं बेच रहे, हम एक उद्यमी का सपना खड़ा करने में भागीदार बन रहे हैं-मूंदड़ा

स्मार्ट हलचल | कोटा

औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कोटा को उसका पहला निजी औद्योगिक पार्क अर्बना टेक्नोपार्क के रूप में मिल गया।जिसका आज भव्य शुभारंभ समारोह हुआ जिसमे विभित्र औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनों के हजारों पदाधिकारीयो, उद्योगपति एवं युवा उद्यमियों जनप्रतिनिधियों समाज सेवियों ने भाग लिया जिसमें प्रमुख रूप से अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज के एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश बिरला दी एस एस आई एसोसियेशन के संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल , कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन ,होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी मोशन के निर्देशक नितिन विजय शहर के जाने-माने बिल्डर दीपक राजवंशी जनप्रतिनिधि पंकज मेहता सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से शामिल हुए और इसे कोटा के भविष्य के लिए निर्णायक पहल बताया। विशेषज्ञों ने उद्यमियों का मार्ग दर्शन भी किया।कंपनी के निर्देशक अनिल मुंदडा ने बताया कि कार्यक्रम में दी एस एस एस आई एसोसिएशन, कोटा व्यापार महासंघ, लघु उद्योग भारती कोटा, होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान कोटा डिवीजन कोटा मोटर्स डीलर्स एसो ऑल




इंडिया ट्रेडर्स एसोसिएशन कोटा हाडोती कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज एसो 0 सहित कई संगठनों की सक्रिय भागीदारी रहीं। उपस्थित उद्यमियों ने परियोजना की संरचना, सुविधाओं और सदर की निवेश के लिए अनुकूल बताते हुए इसकी सराहना की। युवा उद्यमियों के लिए 'ड्रीम प्रोजेक्ट' बताया कम्पनी निदेशक बी.डी. मूंदड़ा एवं अनिल मूंदड़ा ने बताया कि अर्बना टेवनोपार्क केवल औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराने तक सिमित नहीं है, बल्कि यह उद्योगों के समग्र विकास के लिए आवश्यक इकोसिस्टम प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना विशेष रूप में युवा उघमियों के लिए ड् ड्रीम प्रोजेक्ट साबित होगी और कोटा को पुनः औद्योगिक पहचान दिलाने में सहायक बनेगी। अनिल मुन्दडा ने कहा कि अर्बना टेक्नोंपार्क केवल एक औद्योगिक पार्क नहीं है, 'कोटा एक बार फिर औद्योगिक नगरी का ताज पहनेगा और अर्बना टेक्नोपार्क उस ताज की पहली कडी है। उन्होंने कहा कि हम युवा उद्यमियों को केवल जमीन नहीं बेच रहे, हम एक उद्यमी का सपना ब खड़ा करने में भागीदार बन रहे है।

इस अवसर पर अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज के राजेश बिरला ने कहा की कोटा शैक्षणिक पर्यटक नगरी के साथ-साथ पुनः औद्योगिक नगरी की ओर अपने कदम बढ़ा रहा है इस अर्बना टेक्नो पार्क में उद्यमियों व्यवसाईयो को अपने उद्योग लगाने में सरल प्रक्रिया के तहत भूखण्ड के साथ समस्त सुविधाएं उपलब्ध होंगी जिससे युवा उघमी भी आगे आएंगे और कोटा पुनः औद्योगिक नगरी की ओर अपना नाम रोशन करेगा । इस अवसर पर होटल फेडरेशन आफ राजस्थान कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने कहा अर्बन टेक्नो पार्क एक प्राइवेटऔद्योगिक क्षेत्र विकसित होने सेउद्यमियों को बिना किसी सरकारी रजनों के अपने उद्योगों के लिए फ्री लैंड के तहत भुखण्ड मिलेंगे जिसमें किसी भी प्रकार का सरकारी दखल नहीं होगाऔर यहऔद्योगिक क्षेत्र8 लेंके बिल्कुल करे हुए और आने वाले समय में हाडोती धीरे-धीरे पर्यटन नगरी की ओर अग्रसर हो रहा है और मुकुंदरा अभ्यारण के बिल्कुल नजदीक होने से यहां पर सभी तरह का उद्योग होटल उद्योग के लिए एक सुनहरा मौका हैइससे कोटा का औद्योगिक विकास के साथ-साथ यहां पर रोजगार के नए क्षेत्र भी विकसित होंगे इस अवसर पर दी एस एस आई एसोसियेशन के संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल ने कहा के इस प्रोजेक्ट की यहां पर अत्यंत आवश्यकता थी लंबे समय से इस क्षेत्र के उद्योगों के लिए तैयार भूमि का अभाव था जिससे इस परियोजना ने दूर किया है यह परियोजना कोटा के औद्योगिक निवेश को एक नई गति देगी और रोजगार के अवसर बढ़ाएगी एमएसएमई सेक्टर के लिए भी एक बहुत बड़ा अवसर है जहां व्यवस्थित और सुलभ भूमि उपलब्ध लोकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर सरकारी लाभ का संयोजन भी इस निवेश के लिए आदर्श बनता है । इस अवसर पर जयपुर में आए विशेषज्ञों ने उपस्थित उद्यमियों को नए उद्योग स्थापित करने की प्रणि संभावनाओं और आवस्यक औपचारिकताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उद्योग स्थापना से जुड़ी तकनीकी, वित्तीय एवं प्रबंधकीय बाि सरल भाषा में समझाते हुए उद्यमियों का मार्गदर्शन किया। विशेषज्ञों ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी उद्योगों से संबंधित कसल्टेंसी और मार्गदर्शन की सेवाएं निरंतर जारी रहेंगी, जिससे नए और स्थापित दोनों प्रकार के उद्यमियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल विशेष रूप से युवा और उभरते अइमियों के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगी।

भारत एल एल पी के कुणाल गुप्ता एवं सहज पोद्वार के अनुसार प्रथम चरण में 2,29,000 वर्गमीटर का आद्योगिक एवं वाणिज्यिक क्षेत्र उपलब्ध है। 500 से 20,000 वर्गमीटर तक के भूखंड यानी कि नया उद्यमी हो या स्थापित उद्योगपति, दोनों के लिए द्वार खुले हैं। और सबसे बड़ी बात है शुभारंभ से पहले ही 70,000 वर्गमीटर से अधिक की बिक्री हो चुकी है। यह आंकड़ा इस प्रोजेक्ट की खुबियों, आवश्यकता व उपयोगिता के प्रति उद्यमियों का रुझान बताता है। उन्होंने कहा कि परियोजना पूरी तरह 'श्व' पंजीकृत है। कलेक्टर, कोटा द्वारा ले आउट प्लान अनुमोदित है और राजस्थान निर्देश प्रोत्साहन योजना के तहत निवेशकों को विशेष सरकारी लाभ भी मिलेगा । परियोजना के सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर भारत लैंडमार्क रियल्टी एलएलपी के संचालन एवं निष्पादन का कार्य कुणाल गुप्ता एवं सहज पोद्वार के निर्देशन में किया जा रहा है। इस अवसर पर पवन मुंदडा ने बताया कि अर्बना टेक्नोपार्क हा-52 पर मंडाना टोल प्लाजा के समीप, कोटा झालावाड़ । हाईवे पर शहर से लगभग 22 किमी दूरी है वहीं यह प्रोजेक्ट रेडी-टू-यूज़ इंडस्ट्रियल लैंड है जहां क्षेत्र में पहली बार विकसित और अनुमोदित औद्योगिक भूमि उपलब्ध है यहा 500 से 20,000 वर्गमीटर तक के प्लॉट, स्स्स्ध से लेकर बड़े उद्योगों तक के लिए उपयुक्त है तथा नए उद्यमियों को उद्योग स्थापना से संचालन सहित राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लाभ है मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बिजली, पानी, आवश्यक सुविधाएं विकसित भी है।

आज इसके शुभारंभ समारोह में कोटा के साथ-साथ जयपुर और राज्य के कई शहरों के व्यापारी उद्यमी शामिल हुए जिन्होंने इस औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण कर देखा ।

# 21.26 करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी

**जयपुर।** राज्य सरकार ने प्रदेश की कृषि उपज मंडियों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 21 करोड़ 26 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा दी गई इस स्वीकृति के तहत विभिन्न मंडियों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत चौमहला, कुचामन सिटी, बारां (विशिष्ट श्रेणी), कोटा (अनाज मंडी) तथा प्रतापगढ़ की कृषि उपज मंडी समितियों में मण्डी यार्ड निर्माण और विद्युत से जुड़े कार्य कराए जाएंगे। सरकार का मानना है कि इन विकास कार्यों से मंडियों का आधारभूत ढांचा मजबूत होगा, जिससे किसानों और व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही कृषि उपज के भंडारण, आवागमन और विपणन व्यवस्था में भी सुधार होगा।

# कांग्रेस की चाल, चरित्र और चेहरा महिला विरोधी, जनता की अदालत में मिलेगा जवाब: सीपी जोशी

## 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देने वाली प्रियंका गांधी महिला आरक्षण पर चुप क्यों?: सांसद जोशी

स्मार्ट हलचल| नई दिल्ली/चित्तौड़गढ़

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने महिला आरक्षण से जुड़े 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर करारा हमला बोला है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांग्रेस की चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही महिला विरोधी रहा है और अब जनता की अदालत में उन्हें इसका जवाब मिलेगा। सांसद जोशी ने कहा कि जब देश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाने का अवसर आया, तब कांग्रेस और विपक्षी दलों ने इस विधेयक का समर्थन नहीं करके देश की लगभग 50 प्रतिशत महिला आबादी की आकांक्षाओं के साथ अन्याय किया है।

### 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' एक ऐतिहासिक निर्णय

जोशी ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को देश की महिलाओं को राजनीति में समान भागीदारी देने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरगामी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए इस कानून के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है, जिससे महिलाएं निर्णय प्रक्रिया और राष्ट्र निर्माण में अधिक



सक्रिय भूमिका निभा सकेंगी। उन्होंने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण से जुड़े इतने महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करना कांग्रेस और विपक्ष की 'संकीर्ण मानसिकता' को दर्शाता है।

### प्रियंका गांधी के नारे पर सवाल

सांसद जोशी ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी पर सीधा निशाना साधा। उन्होंने सवाल किया कि 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देने वाली प्रियंका गांधी का आज महिला आरक्षण के मुद्दे पर विरोध क्यों है? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों पर सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी की है, लेकिन जब वास्तविक निर्णय लेने का अवसर आया तो विकास की इस ऐतिहासिक पहल का विरोध किया।

### राजस्थान में महिला सुरक्षा पर भी उठाए सवाल

जोशी ने राजस्थान में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान महिलाओं की स्थिति और कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए बताया कि कांग्रेस के शासन में बेटियां असुरक्षित थीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध में राजस्थान लगातार शीर्ष राज्यों में शामिल रहा, और अलवर, जोधपुर, भीलवाड़ा, उदयपुर में हुई घटनाओं ने प्रदेश को शर्मसार किया। जोशी ने यह भी कहा कि सरकार ने महिला सुरक्षा के नाम पर केवल घोषणाएं कीं, जबकि निर्भया फंड का इस्तेमाल, महिला गश्ती दल और सीसीटीवी कैमरों से जुड़ा काम ज़मीन पर आधा-अधूरा रहा। सांसद जोशी ने अंत में विश्वास जताया कि देश की महिलाएं आज जागरूक हैं और वे भली-भांति समझती हैं कि कौन उनके अधिकारों और सम्मान के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनता की अदालत में कांग्रेस और ऐसे विपक्षी दलों को इसका जवाब अवश्य मिलेगा।

# चित्तौड़गढ़ में राज्य स्तरीय अंडर-20 फुटबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए, टीम को मिला सम्मान

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा



पेच एरिया में यहां स्थित जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ के मुख्यालय पर शुक्रवार शाम को एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राज्य स्तरीय अंडर-20 फुटबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजन टीम का सम्मान किया गया। जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष पूरण आंजना ने आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ सचिव फैसल खान,मोहम्मद शकील मंसूरी (शारीरिक शिक्षक, चित्तौड़गढ़), धर्मेंद्र सिंह तंवर (संयुक्त सचिव, जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़), शाहिद हुसैन मंसूरी (संतोष ट्रॉफी खिलाड़ी एवं डी लाइसेंस कोच), वसीम खान (संरक्षक, मॉर्निंग फुटबॉल क्लब चित्तौड़गढ़), रिजवान मंसूरी, अरशद खान, मोहम्मद मोइन मंसूरी तथा अजय प्रजापत सहित अन्य सदस्यों को उपर्णा ओढ़ाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। सभी ने इस उपलब्धि को टीम वर्क और समर्पण का परिणाम बताया।

### पहली बार मिली थी बड़ी जिम्मेदारी

ज्ञातव्य है कि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा राज्य स्तरीय अंडर-20 फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन का निर्देश राज-स्थान फुटबॉल एसोसिएशन को प्राप्त हुआ था। राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन ने पहली बार इस महत्वपूर्ण आयोजन की जिम्मेदारी जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ को सौंपी थी।

जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना के निर्देशन में संघ की पूरी आयोजन टीम ने अथक परिश्रम और बेहतर समन्वय के साथ प्रतियोगिता का सफल आयोजन संपन्न कराया। आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं, खेल संचालन और अनुशासन की व्यापक स्तर पर सराहना की गई।

# भामाशाह रमेश चंद तमोलिया ने मुण्डावरा गौशाला को भेंट किए 5 लाख

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत मुण्डावरा स्थित मुण्डावरा गौ सेवा समिति द्वारा संचालित गौशाला निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस विकास यात्रा में जयपुर निवासी भामाशाह रमेश चंद तमोलिया का विशेष योगदान रहा है। शनिवार को उन्होंने एक बार फिर गौसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए गौशाला के पदाधिकारियों को 5 लाख रुपए नकद सहयोग राशि तथा गायों के लिए हरे चारे से भरी एक गाड़ी भेंट की। यह सहयोग राशि गौशाला में गायों के बाड़े में टाइल्स लगवाने के कार्य के लिए दी गई है, जिससे गौवंश को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण मिल सकेगा। इससे पूर्व भी रमेश चंद तमोलिया द्वारा गौशाला में चारा गोदाम निर्माण के लिए 12 लाख रुपए की सहायता प्रदान की जा चुकी है, जिसके चलते गायों के लिए चारे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो पाई है। वहीं 21 अगस्त 2025 को उन्होंने गौशाला के मुख्य द्वार निर्माण के लिए भी 5 लाख रुपए का सहयोग दिया था, जिससे आज



गौशाला का प्रवेश द्वार आकर्षक और भव्य स्वरूप ले चुका है। गौशाला समिति के सचिव बजरंग लाल सैनी ने बताया कि तमोलिया का यह निरंतर सहयोग न केवल गौशाला की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कर रहा है, बल्कि अन्य भामाशाहों और समाजसेवियों को भी गौसेवा के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने बताया कि गौशाला में प्रतिदिन सैकड़ों गायों की सेवा की जाती है, जिनके भोजन, देखभाल और उपचार के लिए नियमित आर्थिक सहयोग की आवश्यकता बनी रहती है। इस अवसर पर गौशाला समिति के अध्यक्ष रोहिताश सैनी सहित रामकिशन बाज्या, रामदयाल शर्मा, रोशन सैनी, बिरदी चंद जाट, कैलाश सैनी, रिछपाल संडवाल, राजू रैगर, मोतीलाल जांगिड सहित अनेक ग्रामीण व गौभक्त उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ कांग्रेसी गोपाल दीवान का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

स्मार्ट हलचल|कनेरा



कनेरा घाटा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी एवं मण्डल संगठन महासचिव गोपाल दीवान का जन्मदिन शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मिठाई खिलाई और उनके स्वस्थ, उज्ज्वल, यशस्वी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। जन्मदिन समारोह के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गोपाल दीवान के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव क्षेत्र के विकास, जनहित एवं संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिली है।

कार्यक्रम में कनेरा के पूर्व सरपंच तुलसीराम धाकड़, मण्डल कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश धाकड़, कनेरा नगर अध्यक्ष श्रीनिवास नायमा, बांगेड़ा सरपंच दीपक दीवान सहित अनेक जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नारायण रैगर, राजू रेगर, प्रहलाद रेगर, रतन रैगर, नरेंद्र रैगर, सुरेश रैगर, कालू रैगर, भेरू रैगर, विनोद रैगर, अनिल रैगर, शिवलाल रैगर, किशन माली, अर्जुन माली, दीपक तेली, बगदीराम गुर्जर, भेरू बलाई, विनोद धाकड़, राहुल धाकड़, सुनील धाकड़, कवरलाल धाकड़, सचिन धाकड़, अजय बैरागी, भगतराम भील, राधेश्याम भील, गणेश भील, सत्यनारायण धाकड़, जगदीश धाकड़, गीतालाल गुर्जर, कवरलाल गुर्जर, शौकीन गुर्जर, जुड़ालाल प्रजापत, अरविंद प्रजापत, प्रहलाद गुर्जर, शांतिलाल गुर्जर, कमलेश गुर्जर, हाबूलाल गुर्जर, ओमप्रकाश धाकड़, मनोहरखेड़ी, कृष्णचंद्र धाकड़, शांतिलाल सुथार, बड़ावली के गोटू सैन, किशोर सेन एवं कैलाश गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# विधायक आक्या ने किया निर्माणाधीन भदेसर बाईपास का निरीक्षण



**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा विधायक चंद्रभान सिंह आक्या की मांग पर बजट घोषणा में स्वीकृत निर्माणाधीन भदेसर बाई पास रोड का विधायक द्वारा निरीक्षण किया गया।

विधायक आक्या की मांग पर भदेसर में 6 करोड़ की लागत से चित्तौड़गढ़ मार्ग स्थित उपखण्ड कार्यालय से निम्बाहेड़ा मार्ग स्थित तहसील कार्यालय तक निकलने वाले बाई पास रोड निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने निर्माण ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक रायका, भदेसर मण्डल अध्यक्ष हीरालाल रायका, पूर्व मण्डल अध्यक्ष पवन आचार्य, पूर्व सरपंच रघुवीर सिंह, बगदीराम रेबारी, अजयपाल सिंह, गोपाल सिंह, महावीर खटोड़ आदि उपस्थित थे।

# विद्या प्रचारिणी सभा विवाद गहराया: एडहॉक कमेटी बोली— अब सत्ता और सत्य की लड़ाई

स्मार्ट हलचल| उदयपुर




विद्या प्रचारिणी सभा में चल रहे विवाद को लेकर शनिवार को नवगठित एडहॉक कमेटी ने प्रेस वार्ता कर कार्यकारिणी पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे 'सत्ता और सत्य की लड़ाई' करार दिया है। कमेटी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संस्था कोई निजी कंपनी नहीं है, जिसे विरोधियों के इशारों पर मनमाने ढंग से चलाया जाए। कमेटी के सदस्यों ने कार्यकारिणी द्वारा की गई 54 नए सदस्यों की नियुक्तियों पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि इन नियुक्तियों में नियमों की अनदेखी कर भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया गया है। साथ ही, संस्था में वित्तीय अनियमितताओं और पारदर्शिता की कमी को लेकर भी गंभीर चिंताएं जताई गईं। कमेटी का कहना है कि इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है और वे इसके लिए लगातार संघर्ष जारी रखेंगे।

### राजनीतिक हस्तक्षेप और अवैध कब्जा का आरोप

प्रेम सिंह शक्तावत ने अपने संबोधन में मेवाड़ की ऐतिहासिक परंपरा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों ने अपने पूर्वजों के माध्यम से इस संस्था को खड़ा किया और समर्पित किया, वे कभी भी उस पर कब्जा करने की मानसिकता नहीं रख सकते। उन्होंने इशारों-इशारों में राजनीतिक हस्तक्षेप पर भी निशाना साधा और कहा कि राजनीति में सक्रिय लोगों को अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना चाहिए। उन्होंने दोहराया, 'हम विश्वराज सिंह मेवाड़ को महाराणा मानते हैं और मानते रहेंगे। यदि उनके सम्मान पर कोई आंच आई, तो एडहॉक कमेटी पूरी मजबूती के साथ उनके समर्थन में खड़ी नजर आएगी'। एडवोकेट नरेंद्र सिंह कच्छावा ने बताया कि संस्था के प्रधान संरक्षक विश्वराज सिंह मेवाड़ को वित्तीय अनियमितताओं की कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके बाद न्यायालय के आदेश के उपरांत एक स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रारंभिक सहयोग के बाद, जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी और अनियमितताओं के संकेत मिलने लगे, पूर्व कार्यकारिणी ने सहयोग बंद कर दिया। कच्छावा ने यह भी आरोप लगाया कि एडहॉक कमेटी पिछले चार दिनों से संस्था के दस्तावेजों और कार्यालय तक पहुंचने का प्रयास कर रही है, लेकिन संबंधित स्थानों पर ताले लगा दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व प्रबंध समिति को जबरदस्ती नहीं हटाया गया है। वास्तविकता यह है कि 12 फरवरी 2026 को उनका कार्यकाल समाप्त हो गया है और वह अनैतिक रूप से बिना किसी पद के ताले लगाकर बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में संवैधानिक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संस्था के अध्यक्ष और प्रधान संरक्षक को अस्थाई रूप से कार्यकाल चलाने के लिए कमेटी का गठन करने का अधिकार है, और इसी आधार पर 11 लोगों की एडहॉक कमेटी को नियुक्त किया गया है।

### कमेटी की प्रमुख मांगें

एडहॉक कमेटी ने मांग की है कि ऑडिट प्रक्रिया को बिना किसी बाधा के पूरा कराया जाए, वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, 54 नए सदस्यों की नियुक्तियों की वैधता की भी समीक्षा की जाए, ताकि संस्था की गरिमा और पारदर्शिता बनी रहे। प्रेस वार्ता में चेयरपर्सन डॉ. युवराज सिंह झाला, देवेंद्र सिंह शक्तावत, नकूल सिंह भाटी, विजेंद्र सिंह चूंडावत सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कमेटी ने स्पष्ट किया कि जब तक सच्चाई सामने नहीं आती और संस्था में पारदर्शिता स्थापित नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

# जिनिशा ने बढ़ाया गौरव

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

हिरणमगरी सेक्टर 14 निवासी जिनिशा सोमपुरा ने सीबीएसई 10वीं कक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय और समाज का गौरव बढ़ाया है। स्टेप बाय स्टेप हाई स्कूल की छात्रा जिनिशा शुरू से ही मेधावी रही है और अपनी मेहनत व लगन से यह शानदार सफलता हासिल की है।

जिनिशा के पिता प्रतीक सोमपुरा पेशे से शेफ हैं, जबकि माता मोनिका गृहिणी हैं। उनके दादा प्रकाशचंद्र सोमपुरा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से सेवानिवृत्त अभियंता हैं तथा दादी रमादेवी गृहिणी हैं। परिवार के संस्कार और मार्गदर्शन ने जिनिशा की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पढ़ाई के साथ-साथ जिनिशा सहशैक्षिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती हैं।



वह अपनी बहन और चचेरे भाई-बहनों के लिए प्रेरणा स्रोत बनकर उभरी हैं। जिनिशा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय दादा-दादी, माता-पिता, चाचा-चाची की प्रेरणा तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। उनका लक्ष्य आईएफओ और जेईई मेन्स जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अमेरिका के प्रतिष्ठित एमआईटी कॉलेज में उच्च शिक्षा हासिल करना है।

# टीएडी छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु प्रथम एवं द्वितीय सूची जारी कर दी गई है।रिक्त सीटों पर ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल 30 अप्रैल तक खुला रहेगा।

टीएडी आयुक्त लक्ष्मीनारायण मंत्री ने बताया कि विभागीय छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में प्रवेश की प्रथम व द्वितीय सूची जारी होने बाद रिक्त सीटों पर ऑनलाइन आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन पोर्टल फॉर एडमिशन इन टीएडी हॉस्टल्स एंड स्कूल्स (2026-27) लिंक पर क्लिक कर भरा जा सकता है। आवेदन पत्र 30 अप्रैल तक भरे जा सकते हैं। आयुक्त ने बताया कि जनजाति विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास संचालित हैं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को जनजाति छात्र-छात्राओं को छात्रावासों में प्रवेश के लिए प्रेरित कर उन्हें लाभान्वित कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही क्षमता के अनुरूप प्रवेश सुनिश्चित नहीं होने किए जाने पर संबंधित विद्यालय के संस्था प्रधान, छात्रावास वार्डन एवं कोच की जिम्मेदारी तय करते हुए उन्हें मूल विभाग में भेजने की कार्यवाही अमल में लाए जाने की बात कही।

# बायतु विधानसभा स्तरीय भाजपा की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## 25 हजार से अधिक लोगों के मोदी सभा में पहुंचने का लक्ष्य




स्मार्ट हलचल

**बायतु।** भाजपा कार्यालय बायतु में आगामी 21 अप्रैल 2026 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पचपदरा आगमन एवं रिफाइनरी के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा वरिष्ठ नेता बालाराम मूंढ ने जानकारी देते हुए बताया कि बायतु विधानसभा क्षेत्र से 25 हजार से अधिक लोग प्रधानमंत्री की सभा में सम्मिलित होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पचपदरा रिफाइनरी प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए विकास का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने जा रही है। इससे क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी, हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा। रिफाइनरी के शुरू होने से बालोतरा-बाड़मेर सहित पश्चिमी राजस्थान की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस दौरान प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी विजेन्द्र पूनियां, प्रदेश प्रवक्ता व बायतु विधानसभा प्रवासी नवनीत सिंह राजपुरोहित तथा संगठन जिला अध्यक्ष अनंतराम बिश्नोई ने बायतु विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडलों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्य कुम्भाराम धतरवाल, बायतु मंडल अध्यक्ष हनुमान जाणी सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आरएनटी मेडिकल कॉलेज: अत्याधुनिक प्रीऑपरेटिव ट्यूमर एम्बोलाइजेशन से जटिल स्कल मेनिंजियोमा का सफल उपचार

स्मार्ट हलचल|उदयपुर





आरएनटी मेडिकल कॉलेज में इंटरवेंशनल न्यूरोसर्जरी टीम द्वारा 48 वर्षीय मरीज निवासी वल्लभनगर के विशाल एवं अत्यधिक रक्तवाहिकाओं से युक्त डिप्लोइक मेनिंजियोमा (खोपड़ी का ट्यूमर) का सफल उपचार किया गया। इस प्रकार के ट्यूमर में अनेक रक्त वाहिकाओं से अत्यधिक रक्त आपूर्ति होने के कारण ऑपरेशन के दौरान भारी रक्तस्राव का खतरा रहता है, जिससे मरीज की जान को गंभीर जोखिम हो सकता है और कई बार ऑपरेशन के दौरान कई लीटर रक्त की आवश्यकता पड़ती है। इस जोखिम को कम करने के लिए ऑपरेशन से पहले प्रीऑपरेटिव ट्यूमर एम्बोलाइजेशन नामक अत्याधुनिक प्रक्रिया की गई। इस तकनीक में विशेष लिक्विड एवं सॉलिड एम्बोलिक एजेंट्स के माध्यम से ट्यूमर को रक्त पहुंचाने वाली धमनियों को बंद किया जाता है, जिससे ऑपरेशन के दौरान रक्तस्राव में उल्लेखनीय कमी आती है, ट्यूमर मुलायम हो जाता है तथा उसे पूरी तरह निकालने की संभावना बढ़ जाती है। इससे मरीज के सुरक्षित उपचार और जीवन रक्षा की संभावना भी बढ़ती है।

डॉ राहुल जैन प्राचार्य आरएनटी मेडिकल कॉलेज ने बताया कि संस्थान में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की पहल के परिणामस्वरूप अब यह अत्याधुनिक उपचार सुविधा आरएनटी मेडिकल कॉलेज में सरकारी योजना के अंतर्गत निःशुल्क उपलब्ध है। पहले इस प्रकार के इलाज के लिए मरीजों को बड़े महानगरों में जाना पड़ता था और भारी आर्थिक खर्च उठाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संस्थान में और अधिक उन्नत न्यूरो-चिकित्सा सुविधाएं विकसित की जाएंगी ताकि क्षेत्र के मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही उच्चस्तरीय उपचार उपलब्ध हो सके। डॉ के जी लोधा सह-आचार्य, न्यूरोसर्जरी विभाग, जो इंटरवेंशनल न्यूरोसर्जरी में प्रशिक्षित हैं, ने बताया कि ट्यूमर एम्बोलाइजेशन अत्यधिक रक्तवाहिकाओं वाले ट्यूमर के उपचार की नवीनतम एवं प्रभावी तकनीक है।

इस प्रक्रिया से ट्यूमर की रक्त आपूर्ति कम हो जाती है, ट्यूमर में नेक्रोसिस होता है तथा माइक्रोन्यूरोसर्जरी के दौरान उसे निकालना अधिक सुरक्षित और आसान हो जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि यही तकनीक अन्य जटिल रक्तस्राव की स्थितियों जैसे पोस्टपार्टम हेमरेज तथा गंभीर नकसीर (एपिस्टेक्सिस) में भी जीवनरक्षक सिद्ध हो सकती है। इस सफल उपचार में डॉ विपिन माथुर (मेडिकल सुपरिटेंडेंट, सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल) का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन भी रहा। इस सफलता के लिए उन्होंने पूरी टीम का आभार व्यक्त किया, जिसमें डॉ. गौरव जायसवाल (विभागाध्यक्ष, न्यूरोसर्जरी), डॉ. तरुण रालोत (विभागाध्यक्ष, न्यूरोलॉजी), डॉ. उदिता नैथानी (विभागाध्यक्ष, एनेस्थीसिया), डॉ. खेमराज मीणा (वरिष्ठ आचार्य, एनेस्थीसिया), डॉ. पंकज सोमानी एवं(कैथलैब स्टाफ) - लोहित दीक्षित, कृष्णा, प्रियंका तथा रेजिडेंट डॉक्टर शामिल रहे। यह उपलब्धि आरएनटी मेडिकल कॉलेज में उन्नत न्यूरोसर्जिकल सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और क्षेत्र के मरीजों के लिए अत्याधुनिक उपचार को स्थानीय स्तर पर सुलभ बनाती है।

सफाई सेवा मैराथन-2026' अभियान

# करधनी के सरकारी विधालय के सामने कचरे का बन रहा यार्ड -निगम ने चलाया सफाई अभियान, फिर भी कई सवाल खड़े

हर बार होती कार्यवाही फिर भी कुछ दिन में जमा हो जाता कचरा, आखिर कौन डाल रहा, जनता भी उठा रही खाली भूमि का फायदा, हर कोई डाल जाता कचरा







स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे 'सफाई सेवा मैराथन-2026' अभियान के तहत शनिवार को झोटवाडा के करधनी बेरिया हरनाथपुरा स्थित सरकारी विधालय के सामने के खुले प्लाट में में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व सीएसआई प्रेम सिह वैद और जमादार मोनू शर्मा ने किया। जयपुर नगर निगम के सफाई सेवा मैराथन अभियान के दौरान एक दर्जन से अधिक सफाई कर्मियों की टीम ने क्षेत्र में व्यापक सफाई कार्य किया। टीम ने खासतौर पर कालवाड़ रोड 206 बीघा ,करधनी सरकारी स्कुल के सामने को साफ-सुथरा बनाने पर ध्यान केंद्रित किया, जहां लंबे समय से जमा कचरे को हटाकर बाहर भेजा गया। इसके अलावा मुख्य सड़कों पर महीनों से जमा गंदगी को भी हटाया गया, जिससे क्षेत्र की सफाई व्यवस्था में स्पष्ट सुधार देखा गया।

इस विशेष अभियान में मौके पर सिआई बंटी ,राजेश ,जमादार शैलेन्द्र आदि अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सफाई कार्य के बाद आसपास में स्वच्छता का सकारात्मक प्रभाव नजर आया और स्थानीय निवासियों से भी अपील की जा रही है की ,खुले में कचरा न फेके और अगर कोई डालता है तो समझाए जनता का साथ भी जरुरी है। इस अभियान की युवा नेता एवं युवा समाजसेवी अनुज शर्मा ने सराहना की। उन्होंने सरकार और नगर निगम की पहल को सराहनीय बताते हुए भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रखने की अपेक्षा जताई और सहयोग का आश्वासन दिया।

### बार बार हटा रहे कचरा फिर स्कुल के सामने डाल जाते लोग - बड़े सवाल ,क्या हो समाधान ?

करधनी स्थित महात्मा गाँधी सरकारी विधालय के बिलकुल सामने खाली भुमी है जिसे जनता ने अब कूड़ा दान समझ लिया है आखिर एक और सरकारे स्वछता की बाते करती है वही ये वह स्तःन है जहा रोज सुबह और शाम स्थानीय निवासी ,कई अधिकारी ,सरकारी नेता भ्रमण को निकलते रहते है कई बार शिकायत के बाद भी आलम यह है की स्कुल में आने वाले विधार्थी और स्टाफ भी नाक बंद करके निकलने को मजबूर है विधालय के कर्मचारियों ,प्राध्यापक ने भी कई बार निगम ,विभाग को इस कचरे की समस्या से अवगत करवाया था पर कार्य धरातल पर होते ही फिर जनता या आसपास के कई चलते हुए गाडियों में फिर यहाँ कचरा जमा होने लगा इसे देख हर कोई ये ही अंदाजा लगा सकता है की यहा ये सरकारी विधालय में बच्चे कैसे पढ़ते होंगे और आखिर प्रसाशन इस विषय में उचित कार्यवाही क्यों नहीं करना चाहता आखिर भूमि मालिक को खुला प्लाट रखने की अनुमति कैसे है ज्सिमे ये जगह रियाशी है और चारो और बसावट है सामने सरकारी विधालय है निगम के सफाई कर्मचारियों के भी एक बार तो कचरा देख हतः फुल गए की आखिर ये इतना गन्दा और जयादा कचरा इस कदर जमा है की मानो ये कचरे का यार्ड बन रहा है .आखिर बार हटाना कोई बड़ी बात नहीं लेकिन फिर भी वही समस्या कुछ दिन में वापस खड़ी हो जाती हाई आखिर कौन डाल जाता है कचरा ?आखिर क्यों नहीं होती कार्यवाही ?जिसकी जमीं उसको क्यों नहीं मिलता नोटिस ? एसे कई सवाल खड़े है ये सरकारी विधालय है और यहाँ शायद आम जनता या गरीब वर्ग के विधार्थी जयादा आते है इसलिए मामला ठंडा है अगर यही कोई निजी संस्था होती तो धनी लोगो के बच्चे अधिकारियो के बच्चे पढ़ते और शायद फिर यहा कचरा यार्ड नहीं बनता और हर कोई कार्यवाही में आगे आता बस ये मुख्य सड़क और सरकारी विधालय होते हुए एसी हालत है जिसे देख हर कोई चिंतित हो जाता है की कहा स्वस्थ रहे इंसान और केसे चल रहा है ये महात्मा गांधी विधालय ,सरकार और स्थानीय नेताओ और समाज सेवियो के लिए ये बड़ी चुनोती है अगर वो अपने इन जेसे मुख्य मार्गो विधालय के आसपास स्वछता नहीं कर पाए तो फिर अन्य जगहों की तो बात अलग है।

# दरगाह में शिव मंदिर होने के दावे पर हुई सुनवाई, अब दो मई को होगी अगली सुनवाई



स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** अजमेर स्थित विश्व प्रसिद्ध अजमेर शरीफ दरगाह में शिव मंदिर होने के दावे से जुड़े बहुचर्चित और संवेदनशील मामले में शनिवार को जिला न्यायालय में सुनवाई हुई। इस दौरान विभिन्न संगठनों की ओर से दायर याचिकाओं पर प्रारंभिक बहस की गई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 2 मई 2026 की तारीख तय की है, जिस दिन लंबित आवेदनों पर महत्वपूर्ण फैसला होने की संभावना जताई जा रही है।

### सीमित संख्या में हुई आवेदन पर सुनवाई

सुनवाई के बाद मीडिया से बातचीत में विष्णु गुप्ता ने बताया कि वे कई आवेदनों पर सुनवाई की तैयारी के साथ अदालत पहुंचे थे, लेकिन कोर्ट ने सीमित संख्या में ही आवेदन पर सुनवाई की। उन्होंने कहा कि मामले से जुड़े एक पक्षकार द्वारा हाईकोर्ट का रुख करने के कारण प्रक्रिया में बदलाव हुआ है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि न्यायालय ने पहले निर्देश दिए थे कि नए पक्षकार बनाए जाने से संबंधित सभी लंबित आवेदनों का जल्द निपटारा किया जाए। फिलहाल इस मामले में कई याचिकाएं लंबित हैं, जिन पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है और किसी नए पक्षकार को औपचारिक रूप से शामिल नहीं किया गया है।

बताया जा रहा है कि 2 मई को होने वाली अगली सुनवाई में इन सभी आवेदनों पर विस्तार से विचार किया जाएगा। उसी दिन यह भी तय हो सकता है कि किन-किन आवेदकों को इस मामले में पक्षकार के रूप में शामिल किया जाएगा। इसके बाद ही मुख्य मुद्दे पर विस्तृत सुनवाई आगे बढ़ सकेगी। धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक दावों से जुड़े होने के कारण यह मामला लगातार संवेदनशील बना हुआ है।

# लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर प्रहार के विरोध में इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट का 'हल्ला बोल'

19वें दिन धरना तेज, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा पहुंचे धरनास्थल दिया अपना समर्थन

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** प्रदेश में पत्रकार की आजिविका पर बुलडोजर, झूठे मुकदमों तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमलों के विरोध में इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के बैनर तले जयपुर स्थित शहीद स्मारक पर चल रहा धरना गुरुवार को 19वें दिन राज्य सरकार की हठधर्मिता को देखते हुए उग्र रूप लेने लगा।

प्रदेशभर से सैकड़ों पत्रकारों ने शहीद स्मारक पर एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए 'हल्ला बोल' प्रदर्शन किया।

धरने का मुख्य मुद्दा एक वरिष्ठ पत्रकार की आजीविका पर प्रशासनिक कार्रवाई के तहत बुलडोजर चलाने और प्रदेश



में बढ़ते रंजिशन झूठे मुकदमों का विरोध रहा। पत्रकारों ने इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा प्रहार बताते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग उठाई। इस दौरान सिविल लाइंस विधायक व वरिष्ठ पत्रकार गोपाल शर्मा धरनास्थल पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से संवाद किया। प्रदेशाध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़, महासचिव मनवीर सिंह चुंडावत और प्रदेश सचिव विक्रम सिंह करनोत को पूर्ण आश्वस्त करते हुए मामले को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के समक्ष उठाकर निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया।

धरना प्रदर्शन के बाद बड़ी संख्या में पत्रकार मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर ज्ञापन देने के लिए मुख्यमंत्री आवास की ओर रवाना हुए। इस दौरान शहीद स्मारक के बाहर पुलिस ने बेरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोक लिया और आगे बढ़ने की कोशिश पर कई पत्रकारों को हिरासत में लेकर शिप्रा पथ थाना ले जाया गया। धरने में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश बोहरा, जैसलमेर जिलाध्यक्ष गणपत दैय्या, सिरोही जिलाध्यक्ष अशोक कुमावत सहित गणेश प्रजापति, नकुल शर्मा, बलवीर सैनी, सुनील यादव, आकाश शर्मा, दुर्गेश कुमार लक्षकार, उमेश लवानिया और खीवराज सिंह समेत बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

पत्रकारों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, संगठन की कोर कमेटी बैठक में तय होगा अगला चरण।

# आरएएस की परीक्षा में बाड़मेर के दिनेश ने किया टॉप

### मेरिट लिस्ट में चार लड़कियां भी शामिल

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने लंबे समय से प्रतीक्षित राजस्थान प्रशासनिक सेवा भर्ती 2024 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। इस भर्ती के तहत कुल 1096 पदों पर चयन के लिए चल रही प्रक्रिया अब पूरी हो गई है। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं।

आरएएस 2024 भर्ती प्रक्रिया में प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के तीन चरण शामिल थे। प्रारंभिक परीक्षा के बाद चयनित अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा दी, जिसके पश्चात सफल उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया 1 अप्रैल 2025 से शुरू होकर कई चरणों में पूरी हुई। अंतिम चरण के इंटरव्यू के साथ ही पूरी चयन



प्रक्रिया संपन्न हुई।

### 10 अभ्यर्थियों का रिजल्ट रोका

आयोग के मुताबिक, कुल 10 अभ्यर्थियों का रिजल्ट रोका गया है। इसमें 5 का परिणाम प्रक्रियाधीन है। वहीं, तीन अभ्यर्थियों का परिणाम कोर्ट में होने के कारण रोक दिया गया है। हालांकि, दो अभ्यर्थियों का रिजल्ट रोकने का कारण आयोग ने स्पष्ट नहीं किया है।

इस भर्ती के तहत 428 पद राज्य सेवाओं के लिए और 668 पद अधीनस्थ सेवाओं के लिए निर्धारित थे। आयोग ने मेरिट के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया है। चयन सूची में शामिल अभ्यर्थियों के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि आरएएस परीक्षा को राज्य की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में गिना जाता है। परिणाम जारी होने के बाद अभ्यर्थियों में उत्साह का माहौल है। कई उम्मीदवारों ने अपनी सफलता पर खुशी जाहिर की और अपने परिवार तथा शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। वहीं, जो अभ्यर्थी इस बार सफल नहीं हो सके, वे अगले प्रयास की तैयारी में जुट गए हैं। आयोग ने साफ किया है कि चयनित अभ्यर्थियों को आगे की प्रक्रिया के तहत दस्तावेज सत्यापन और नियुक्ति से संबंधित निर्देश जल्द जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे समय-समय पर आयोग की वेबसाइट पर अपडेट को लेकर नजर बनाए रखें।


20 फरवरी 2025 को जारी प्रारंभिक परीक्षा परिणाम के क्रम में 21 हजार 541 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए सफल घोषित किया गया था। इन अभ्यर्थियों के लिए आयोग द्वारा 17 से 18 जून 2025 तक मुख्य परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में 17 हजार 964 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। मुख्य परीक्षा का परिणाम 8 अक्टूबर 2025 को जारी किया गया था।

### टॉप-20 में बॉर्डर जिलों के सात अभ्यर्थियों ने बनाई जगह

आरएएस के रिजल्ट में बॉर्डर इलाके के अभ्यर्थियों ने जलवा बिखेरा है। इसमें एक बाड़मेर, दो बालोतरा और दो अभ्यर्थी बीकानेर से हैं। वहीं, जैसलमेर और अनूपगढ़ से एक-एक अभ्यर्थी का चयन हुआ है। टॉपर दिनेश विश्नोई ने दूसरे स्थान पायदान पर आने वाले वाले वीरेंद्र चारण से केवल आधा नंबर ज्यादा मिले हैं। लिखित परीक्षा में दिनेश को 800 अंक में से 302.50 अंक मिले हैं। इंटरव्यू में वीरेंद्र चारण को प्रथम स्थान वाले दिनेश से नौ अंक अधिक मिले हैं। सबसे ज्यादा अंक नौवां स्थान हासिल करने वाले भूपेंद्र सिंह को 67 अंक मिले हैं।

# ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी: दीया कुमारी

**जयपुर।** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अनेक ऐतिहासिक स्थल मौजूद हैं, जो हमारी समृद्ध संस्कृति और विरासत की पहचान हैं। यह धरोहरें न केवल प्रदेश बल्कि देश की भी गौरवशाली पहचान है, जिन्हें सहेजना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।



उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इनके महत्व और गौरव को समझ सकें। उन्होंने प्रदेश के नागरिकों से अपील की कि वे इन धरोहरों के संरक्षण में सि ्रय भागीदारी निभाएं और उनके प्रति सम्मान का भाव बनाए रखें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत केवल अतीत की निशानी नहीं, बल्कि भविष्य के लिए प्रेरणा भी है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसके संरक्षण में अपना योगदान दे।

# राजस्थान रॉयल्स जयपुर मुकाबलों के लिए ऑफलाइन टिकट बिक्री रविवार से

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के अपने जयपुर होम मुकाबलों के लिए ऑफलाइन टिकट बिक्री 19 अप्रैल से शुरू होगी। प्रशंसक सवाई मानसिंह स्टेडियम के ईस्ट, वेस्ट और नॉर्थ गेट्स पर स्थित निर्धारित बॉक्स ऑफिस काउंटरों से टिकट खरीद सकेंगे, जो रोजाना सुबह 11.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक खुले रहेंगे। यह पहल प्रशंसकों के लिए टिकट खरीद को अधिक सुलभ बनाने और उन्हें लाइव स्टेडियम अनुभव का हिस्सा बनने का एक अतिरिक्त माध्यम प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।

राजस्थान रॉयल्स अपनी गुवाहाटी चरण में लगातार तीन जीत हासिल करने के बाद शानदार फॉर्म में जयपुर लौट रही है। टीम के इस शानदार प्रदर्शन ने प्रशंसकों के उत्साह को और बढ़ा दिया है, जो अपनी टीम का घरेलू मैदान पर स्वागत करने और सवाई मानसिंह स्टेडियम में एक बार फिर से जोशीला माहौल बनाने के लिए उत्सुक हैं। राजस्थान रॉयल्स जयपुर में चार घरेलू मुकाबले 25 अप्रैल, 1 मई, 9 मई और 19 मई को खेलेगी। सभी मैचों के टिकट चरणबद्ध तरीके से जारी किए जाएंगे, जिससे प्रशंसकों को स्टेडियम में मौजूद रहने के कई अवसर मिलेंगे। टिकट ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं, जो राजस्थान रॉयल्स का आधिकारिक टिकटिंग पार्टनर है।

# हिमांशु अवस्थी की पहले ही प्रयास में आरएएस 2024 में 113वीं रैंक

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** ग्राम लोटवाड़ा, दौसा निवासी हिमांशु अवस्थी ने आरएएस 2024 परीक्षा में 113वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि यह उनका आरएएस का पहला ही प्रयास था।

हिमांशु ने क्लैट परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अहमदाबाद से विधि की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा दी, जिसमें उन्हें दो बार इंटरव्यू देने का अवसर मिला। पहले ही प्रयास में वे इंटरव्यू चरण तक पहुंचे, हालांकि अंतिम सूची में स्थान नहीं बना सके।

हिमांशु ने बताया कि इसी दौरान उन्होंने आरएएस परीक्षा की तैयारी जारी रखी। दिन में वे वकालत की




प्रैक्टिस करते थे और रात में पढ़ाई करते थे। मेहनत रंग लाई और पहले ही प्रयास में उन्होंने 113वीं रैंक हासिल की।

हिमांशु अवस्थी ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, इष्टदेवता, माता-पिता, बहन, बहनोई एवं मामा के आशीर्वाद व मार्गदर्शन को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर गांव और जिले में हर्ष का माहौल है।

# सीआईडी अपराध शाखा के 96 पुलिसकर्मियों का बढ़ा मान: एडीजी बिपिन कुमार पाण्डेय ने प्रदान किए सर्वोत्तम, अति उत्तम व उत्तम सेवा चिन्ह

### आमेर रोड जलमहल स्थित सीआईडी (सीबी) लाइन में सजा सम्मान समारोह

स्मार्ट हलचल| जयपुर

राजस्थान पुलिस दिवस की श्रृंखला में शनिवार प्रातः 9 बजे जलमहल स्थित सीआईडी (सीबी) लाइन में आयोजित समारोह में सीआईडी अपराध शाखा के 96 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सर्वोत्तम सेवा, अति उत्तम सेवा एवं उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध) बिपिन कुमार पाण्डेय ने उत्कृष्ट, सराहनीय एवं प्रशंसनीय सेवाएं देने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते हुए 30 कार्मिकों को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह, 33 को अति उत्तम सेवा चिन्ह तथा 33 को उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान किए।



### सेवा चिन्ह वर्दी की शोभा और प्रेरणा का प्रतीक

समारोह को संबोधित करते हुए एडीजी पाण्डेय ने सम्मानित होने वाले सभी पुलिसकर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्दी पर चमकते ये सेवा चिन्ह न केवल एक पुलिसकर्मी की कार्यकुशलता को दर्शाते हैं, बल्कि अन्य साथियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि सभी पुलिसकर्मी भविष्य में भी इसी ऊर्जा के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

इस दौरान महानिरीक्षक पुलिस परम ज्योति ने भी सेवा चिन्ह प्राप्त करने वाले सभी पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके कार्यों को प्रेरणादायक बताया। समारोह में उपमहानिरीक्षक प्रहलाद कृष्णिया, पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण दास एवं प्यारेलाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सर्वोत्तम सेवा चिन्ह से सम्मानित पुलिसकर्मी

उप निरीक्षक मनोहर सिंह, सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार,



सुरेंद्र सिंह, पूरणमल यादव, हेड कांस्टेबल चिरंजी लाल गुर्जर, दाताराम यादव, सत्यवीर यादव, शंभू सिंह राजावत, दुलीचंद, राधेश्याम सिंह, भीमराव लोचीब, राजेंद्र कुमार यादव, दिनेश कुमार, यज्ञ देव सोनी, श्यामलाल, कांस्टेबल गणेश राम, सांवरमल, महावीर प्रसाद मीणा, मनोज कुमार आर्य, राकेश कुमार शर्मा, मोहनलाल गुर्जर, यादराम, तेजपाल सिंह, कांस्टेबल चालक हेमंत कुमार, रतनलाल मीणा, केसरी सिंह, जगदीश प्रसाद सैनी, हाकम खान, सत्यवीर सिंह एवं रमेश चंद शर्मा।

### अति उत्तम सेवा चिन्ह से सम्मानित पुलिसकर्मी

पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र यादव, उप निरीक्षक मोहम्मद यूसुफ खान, हेड कांस्टेबल जसाराम, अशोक कुमार, सुनीता कुमारी, आशा, ताराचंद मीणा, बनवारी लाल, हरिराम विश्नोई, शीशपाल राम सैनी, दिनेश सिंह तंवर, सुमन कुमारी, जागीराम, कांस्टेबल गिर्राज प्रसाद मीणा, लक्ष्मण सिंह, मुकेश कुमार, सतीश शर्मा, ज्योति बाला, सुभीता देवी, अशोक सिंह शेखावत, शकुंतला, सत्येंद्र कुमार शर्मा, समंदर सिंह, रामलखन, किशन सिंह, अमित कुमार, संजला देवी, पप्पू सिंह, अनिता कुमारी, बद्रीनारायण मीणा, गणपत लाल, कांस्टेबल चालक सरदार सिंह एवं हरसहाय यादव।

### उत्तम सेवा चिन्ह से सम्मानित पुलिसकर्मी

सहायक उप निरीक्षक शंकर लाल, हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार, कांस्टेबल संजय शर्मा, सोनिया, सहीराम, लाखन सिंह जाटव, जगराम गुर्जर, अनीता यादव, सुरेंद्र कुमार ढाका, अमित कमल, अजीत कुमार जोशी, रतन सिंह राठौड़, सविता बसेठिया, देवेंद्र सिंह, पवन कुमार, अंकित, बनेश्ता, रवि, सुभाष चंद ताखर, हरिराम चौधरी, सुनीता वर्मा, मन्दरूप जाट, कालूराम जाट, भगवती लाल डांगी, कैलाश कुमारी, कर्मपाल सिंह, मुन्नीलाल, विमलेश मीणा, पवन कुमार, सुमन मीणा, कांस्टेबल चालक ताराचंद मीना, अशोक कुमार वर्मा एवं रामजी लाल मीणा।

# कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2026 हुई संपन्न

स्मार्ट हलचल |बूँदी

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2026 दिनांक 18 अप्रेल को बून्दी जिले में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा में जिला मुख्यालय पर कुल 21 परीक्षा केंद्र थे। परीक्षा एक पारी में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित हुई।

परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अवगत कराया कि परीक्षा में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 6924 थे जिसमें से 6454 उपस्थित तथा 470 अनुपस्थित रहें। उपस्थिति का प्रतिशत 93.21 रहा। परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु प्रत्येक निजी परीक्षा केंद्र पर 02 पर्यवेक्षक तथा राजकीय परीक्षा केंद्र पर 01 पर्यवेक्षक लगाया गया। परीक्षा की सुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए 04 उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया एवं 250 से अधिक पुलिस कर्मियों का जाप्ता लगाया गया।

प्रत्येक केन्द्र पर अनाधिकृत/डमी व्यक्तियों/अनुपस्थित अभ्यर्थियों/अनुचित साधनों/विधि विरूद्ध क्रिया-कलापों इत्यादि के साक्ष्य संग्रहण हेतु 02 वीडियोग्राफर द्वारा वीडियोग्राफी की गई।

# कोटा विश्वविद्यालय में आवास फाउण्डेशन द्वारा स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण

स्मार्ट हलचल |कोटा

दिनांक 18 अप्रैल 2026 को कोटा विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में स्थापित 160 KWP के सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण किया गया। विश्वविद्यालय के सम्पदा अधिकारी श्री संजीव कुमार दुबे के मार्गदर्शन में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना आवास फाउण्डेशन द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.) योजना के तहत की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत द्वारा की गयी। कार्यक्रम में कोटा दक्षिण के माननीय विधायक श्रीमान् संदीप शर्मा मुख्य अतिथि रहे। आवास फाउण्डेशन के श्री सत्यजीत तिवारी (सी.एस.आर. हैड) एवं श्री भुवनेश गौड़ (स्टेट हैड) विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे।

रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष एवं फार्मेसी विभाग के समन्वयक प्रो. भवानी सिंह ने स्वागत-भाषण दिया। स्वागत उद्बोधन के बाद श्री सत्यजीत तिवारी ने आवास फाउण्डेशन के सामाजिक-दायित्वों पर प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि आवास फाउण्डेशन द्वारा पर्यावरण, सौलर, महिला सशक्तिकरण एवं गरीबी उन्मूलन के अनेक कार्यक्रमों का सी.एस.आर. योजना के तहत् क्रियान्वयन किया जाता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संदीप शर्मा ने कुलगुरु महोदय के संयंत्र स्थापित करने के प्रयासों का हृदय से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कुलगुरु महोदय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। साथ ही उन्होंने आवास फाउण्डेशन के पदाधिकारियों को इस कल्याणकारी कार्य हेतु धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के अन्य स्त्रोतों के दोहन से पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है परन्तु सौर ऊर्जा प्राकृतिक एवं जीरो कार्बन उत्सर्जन करने वाला ऊर्जा स्त्रोत है।




श्रीमान् कुलगुरु महोदय प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने आवास फाउण्डेशन को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि आवास फाउण्डेशन के सी.एस.आर. कोष के तहत् 160 चङ्खक्क की क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित होना विश्वविद्यालय के लिए हरित ऊर्जा सृजन के क्षेत्र में एक सराहनीय उपलब्धि है। उन्होंने आवास फाउण्डेशन द्वारा पूर्व में विश्वविद्यालय की छात्राओं हेतु हेलमेट वितरण कार्यक्रम को रेखांकित करते हुए फाउण्डेशन के पदाधिकारियों की सराहना की।

प्रो. सारस्वत जी ने अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कार्मिकों और विद्यार्थियों को यह सलाह दी कि आप जिस संस्था में कार्य करते हो अथवा शिक्षा ग्रहण करते हो उस संस्था के प्रति सदैव आत्मीय लगाव रखें। राष्ट्रीय सम्पति को अपनी सम्पति समझकर उसके संरक्षण व रख-रखाव का सुझाव दिया। उन्होंने भारत पेट्रोलियम लिमिटेड में सी.एस.आर. के अपने दायित्वों एवं राजस्थान के बूंदी व अजमेर जिले में एच.पी.सी.एल. के सी.एस.आर. कोष के तहत किए गए विभिन्न लोक कल्याणकारी कार्यो के उदाहरण श्रोताओं के समक्ष रखें। कार्यक्रम में मंच-संचालन डॉ. नम्रता सेंगर ने किया एवं डॉ. अंकित शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालयय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पुलिसकर्मी बदले, दीवारों पर अभी भी पुराने नंबर कायम, 3 साल से परिवादी हो रहे परेशान

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** पुलिस और जनता के बीच बेहतर संपर्क स्थापित करने तथा कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बीट क्षेत्र के पुलिसकर्मियों और थानाधिकारी के मोबाइल नंबर दीवारों पर लिखे जाते हैं, लेकिन नारायणपुर में यह व्यव-स्था अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। जानकारी के अनुसार करीब तीन वर्ष पहले तत्कालीन थानाधिकारी शिम्भुदयाल मीणा द्वारा कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल, कॉलेज, बस स्टैंड सहित सार्वजनिक स्थानों पर थानाधिकारी सहित पुलिसकर्मियों के मोबाइल नंबर दीवारों पर लिखवाए गए थे, ताकि आमजन जरूरत पड़ने पर सीधे संपर्क कर सकें। इसके बाद दो थानाधिकारी सहित अधिकांश पुलिसकर्मियों के तबादले हो चुके हैं, लेकिन दीवारों पर अंकित नंबर आज भी नहीं बदले गए हैं। इस लापरवाही के चलते परिवादियों को अपनी शिकायतों की सुनवाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब वे दीवारों पर लिखे नंबरों पर संपर्क करते हैं, तो या तो कॉल नहीं लगती या फिर ऐसे पुलिसकर्मी से बात होती है जिनका यहां से स्थानांतरण हो चुका है।



इससे जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता नहीं मिल पाती और उन्हें बार-बार थाने के चक्कर लगाने पड़ते हैं। नागरिकों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी थाने में तैनात पुलिसकर्मियों को कई बार दी जा चुकी है, इसके बावजूद अब तक पुराने नंबर हटाने या नए नंबर अंकित करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे आमजन में नाराजगी बढ़ रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी रोहिताश कुमार से बातचीत करने पर उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही दीवारों पर लिखे पुराने नंबर हटाकर नए नंबर अंकित कराने का आश्वासन दिया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे, ताकि परिवादियों को समय पर न्याय मिल सके और उनका समय व्यर्थ न हो।

# 50 मीटर पक्का रास्ता न बनने से ग्रामीण परेशान, अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर


स्मार्ट हलचल |खखरेरू/ फतेहपुर

धाता विकासखंड के ग्राम सभा जहांगीर नगर गहुरा में 50 मीटर पक्के मार्ग के निर्माण की मांग लंबे समय से अधूरी पड़ी है। शिकायतों के बावजूद निर्माण कार्य शुरू न होने से ग्रामीण को लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव निवासी मोहम्मद हारुन पुत्र फैजुद्दीन ने बताया कि उन्होंने ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी और जिला प्रशासन को कई बार लिखित शिकायत दी, लेकिन अब तक 50 मीटर पक्के मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया।

पीड़ित के अनुसार, गांव में करीब 50 मीटर की दूरी पर दो-तीन लोगों के मकान बने हुए हैं, जहां तक जाने के लिए अभी भी कच्चा रास्ता ही है। बरसात के मौसम में यह मार्ग बेहद फिसलन भरा हो जाता है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी होती है और कई बार लोग फिसलकर चोटिल भी हो जाते हैं।

उन्होंने बताया कि उनके मकान से कुछ दूरी पर एक तरफ आरसीसी इंटरलॉकिंग और दूसरी ओर खड़ंजा का निर्माण कराया जा चुका है,




लेकिन बीच के हिस्से को छोड़कर काम बंद कर दिया गया। यदि पूर्व-पश्चिम दिशा में बने खड़ंजे को दक्षिण दिशा की इंटरलॉकिंग से जोड़ दिया जाए तो आवागमन सुगम हो सकता है। ग्रामीण का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद खड़ंजा और नाली निर्माण का कार्य न होने से उन्हें दर-दर भटकना पड़ रहा है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी धाता राजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# रियासत काल में निर्मित गढ़,मन्दिर, बावड़ियों,चबुतरो, टांकों के संरक्षण की जरूरत


स्मार्ट हलचल | बूंदी

रियासत काल में आमजन को सुगमता से 24 घंटे पानी की सुलभता रहें इसलिए तलवास गांव में अलग-अलग जगह पर चार बावड़ियों का निर्माण करवाया हुआ है। इसके अलावा रतनसागर झील,अजीतगढ़ किले पर पानी के विशाल टांके निर्मित है। जिनमें सदैव पानी भरा रहता है। तलवास में रामबिलास बाग, माता का बाग, रतनसागर झील किनारे पत्थर के सुंदर चबुतरें निर्मित है, लेकिन लम्बी अवधि से मरम्मत के अभाव से जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच गए हैं । लुहारपुरा बावड़ी के साथ ही धार्मिक आस्था का महादेव मंदिर



है। लेकिन रियासत काल की इन धरोहरों की तरफ किसी का भी ध्यान नहीं हैं। नालियों के गंदे पानी की उचित निकासी के अभाव में महादेव मंदिर सहित आसपास गन्दगी फैली रहती है। रियासत कालीन इन धरोहरों की मरम्मत आज तक नहीं हो पायी है।

तलवास की रियासत कालीन धरोहरों में गढ़, अजीतगढ़ किले पर मन्दिर, पानी के टांके, रतनसागर झील,बावड़ियां, चबुतरे हमारी विरासत है, इनके संरक्षण बाबत पूर्व में कितनी ही बार जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों को मामला संज्ञान में लाया गया, लेकिन पूर्व स्थिति में कोई सुधार नहीं हो पाया है।



लुहारपुरा में नालियों का गन्दा पानी निकासी हेतु नाला निर्माण करवाने की विशेष आवश्यकता है। तलवास को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने में इन सभी धरोहरों का संरक्षण भी जरूरी है।

# वृक्ष मित्र जाखड़ द्वारा पत्रकार, कवि हरीश शर्मा के जन्मदिन पर किया गया वृक्षारोपण



स्मार्ट हलचल |लक्ष्मणगढ़ - (सीकर)

सीकर जिलें के लक्ष्मणगढ़ तहसील के गांव सांखू में बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान के संस्थापक, अध्यक्ष, युवा कवि, भजन गायक एवं पत्रकार हरीश शर्मा लक्ष्मणगढ़ के जन्मदिवस पर ऑक्सीजन जन आंदोलन एक व्यक्ति-एक पेड़ अभियान के संयोजक वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया, जिन में छोटे-छोटे बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान अक्षी कुमारी जाखड़, सुमित कुमार जाखड़ रोनित कुमार जाखड़ सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

इस अवसर पर वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू ने बताया कि शनिवार को वृक्षारोपण अभियान पत्रकार हरि शर्मा के जन्मदिन पर किया गया। हमारे पर्यावरण अभियान को बढ़ाने व जन-जन तक पहुंचाने के लिए इनका अमूल योगदान रहा हैं। आप पर बाबा श्याम एवं बालाजी महाराज की कृपा सदैव यूं ही बनी



रहें एवं आप अपने जीवन में प्रगति के पथ पर अग्रसर होते रहें, यह मेरी कामना हैं। ध्यान रहें वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ अपने घर पर ही पौधे तैयार करते हैं तथा आम जन को निःशुल्क पेड़ पौधे उपलब्ध कराते हैं। कई वर्षो से वृक्षारोपण अभियान करते आ रहे हैं। इनके द्वारा अब तक तीन लाख से अधिक पेड़ पौधे आमजन को निःशुल्क वितरित किए जा चुके हैं।

जन्मदिवस पर सिद्धपीठ सालासर बालाजी महाराज के दर्शन कर लिया आशीर्वाद -: शनिवार को शर्मा ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर सिद्धपीठ सालासर बालाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर कमेटी से जीतमल शर्मा, मणिक व चंदन पुजारी मौजूद रहें।

# बिजयनगर: ट्रस्ट श्री गुरु सिंह सभा की नई कार्यकारिणी घोषित, गुरुभेज सिंह टुटेजा बने प्रधान

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर बिजयनगर।** स्थानीय सिख समाज की प्रमुख संस्था 'ट्रस्ट श्री गुरु सिंह सभा' के प्रबंधन में बड़ा बदलाव हुआ है। मंगलवार को गुरुद्वारा परिसर में आयोजित समाज की एक विशेष बैठक में आगामी दो वर्ष के कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव किया गया।

## सर्वसम्मति से हुआ टीम का चयन

बैठक का आयोजन समाज के वरिष्ठ सदस्यों और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



बैठक में समाज की प्रगति और गुरुद्वारा साहिब की सेवा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विचार-विमर्श किया गया, जिसके बाद सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई।

नई टीम में अनुभव और ऊर्जा का संतुलन बिठाते हुए निम्नलिखित नियुक्तियां की गईः संरक्षकः हरगोविन्द सिंह टुटेजा, प्रधानः गुरुभेज सिंह टुटेजा, सचिवः गगनदीप सिंह, कोषाध्यक्षः दिलप्रीत सिंह, उपप्रधानः जगजीत सिंह, सह कोषाध्यक्षः गुरप्रीत सिंह, सह सचिवः हरमीत सिंह।

## सेवा और एकता का लिया संकल्प

नवनियुक्त प्रधान गुरुभेज सिंह टुटेजा ने समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई टीम का मुख्य लक्ष्य धार्मिक गतिविधियों का विस्तार करना और समाज के कमजोर वर्गों की सेवा करना होगा। बैठक के अंत में सभी वरिष्ठ सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। 'अगले दो वर्षों तक यह टीम समाजहित और गुरुद्वारा सेवा कार्यों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

# परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज को आवंटित भूमि का होगा पूजन

**चित्तौड़गढ़।** शहर के कुंभा नगर स्थित देवनारायण भगवान मंदिर के पास समस्त ब्राह्मण समाज को आवंटित भूमि का परशुराम जयंती के अवसर पर पूजन सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

समस्त ब्राह्मण विकास सेवा संस्थान कुंभा नगर के पदाधिकारियों ने बताया कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर समाज को मिली इस भूमि का विधिवत पूजन किया जाएगा। इसके साथ ही पूजा-अर्चना, आरती और प्रसाद वितरण जैसे आयोजन भी किए जाएंगे। शिवनारायण जोशी पाटनिया ने बताया कि यह आयोजन समाज के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि लंबे समय के प्रयासों के बाद ब्राह्मण समाज को यह भूमि प्राप्त हुई है। ऐसे में भगवान परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर इस भूमि का पूजन होना पूरे समाज के लिए गर्व और खुशी का विषय है। कार्यक्रम के संयोजक




मनोहर शर्मा ने बताया कि आयोजन रविवार सुबह 8 बजे से शुरू होगा और देर तक जारी रहेगा। कार्यक्रम को लेकर भूमि पर भराव कार्य, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं तेजी से की जा रही हैं। आयोजकों के अनुसार यह भूमि भविष्य में समाज के विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उपयोग में लाई जाएगी, जिससे समाज को एक स्थायी मंच मिल सकेगा।

# डेगाना के वीरेंद्र सिंह की मिसाल: एक्स-सर्विसमेन में 7वीं रैंक हासिल

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** डेगाना क्षेत्र के जालसू कला गांव के निवासी वीरेंद्र सिंह ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से एक प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल की है। साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर उन्होंने पहले भारतीय नौसेना में सेवा दी और अब राजस्थान प्रशासनिक सेवा में शानदार सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

वीरेंद्र सिंह का चयन वर्ष 2008 में भारतीय नौसेना में हुआ था। करीब 15 वर्षों की सेवा के बाद वे 2023 में चीफ पेटी ऑफिसर के पद से



सेवानिवृत्त हुए। नौकरी के दौरान ही उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और प्रशासनिक सेवा में जाने का सपना कभी नहीं छोड़ा।

वर्ष 2023 में उन्होंने आरएएस परीक्षा दी, जिसमें उनका चयन कॉपरेटिव इंस्पेक्टर के पद पर हुआ। हालांकि, उन्होंने इससे संतुष्ट न होकर और ऊंचा लक्ष्य तय किया। उनकी इसी लगन का परिणाम रहा कि आरएएस 2024 में उन्होंने एक्स-सर्विसमेन वर्ग में 7वीं रैंक हासिल की।

उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों और ग्रामीणों ने इसे मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का शानदार उदाहरण बताया है। वीरेंद्र सिंह का परिवार भी शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। उनके दादाजी हनुमान सिंह सेवानिवृत्त शिक्षक हैं, जिनकी प्रेरणा उन्हें हमेशा मिलती रही। परिवार में शिक्षा को विशेष महत्व दिया जाता है, और उनके भाई-बहन भी विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत हैं।

वीरेंद्र सिंह की सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो नौकरी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को कठिन मानते हैं। उनका मानना है कि स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर प्रयास से कोई भी सफलता हासिल की जा सकती है।

# धर्मनगरी ब्यावर में श्रद्धा की बयार: भगवान कुंन्थुनाथ के त्रिकल्याणक महोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** धर्मनगरी ब्यावर में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। अवसर था भगवान कुंन्थुनाथ के जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव का, जिसे सेठ चंपालाल रामस्वरूप की नसिया में दिगंबर जैन समाज द्वारा अत्यंत हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

## भक्तिमय वातावरण और धार्मिक अनुष्ठान

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल भगवान के अभिषेक और शांतिधारा के साथ हुआ। मंत्रोच्चार की गूँज के बीच भक्तों ने विधि-विधान से पूजन कर विश्व शांति की कामना की। इस अवसर पर विशेष रूप से महिलाओं द्वारा भक्ताम्बर विधान का आयोजन किया गया, जिसने पूरे मंदिर परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा



से सराबोर कर दिया।

## परंपरा का निर्वहन: मोदक अर्पण

समाज के प्रवक्ता अमित गोधा ने बताया कि भगवान कुंन्थुनाथ के निर्वाण लाडू (मोदक) चढ़ाने की परंपरा का उत्साहपूर्वक निर्वहन किया गया। क्षेत्र के विभिन्न जिनालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुँचकर निर्वाण कांड के पाठ के साथ भगवान को मोदक अर्पित किए और पुण्य लाभ अर्जित किया।

## प्रेरक उद्बोधन और संकल्प

महोत्सव के दौरान समाज के वरिष्ठ विद्वानों ने भगवान कुंन्थुनाथ के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके तप, त्याग और अहिंसा के संदेश को प्रासंगिक बताया। वक्ताओं ने युवाओं से अपील की कि वे अपनी जड़ों और धर्म से जुड़कर संस्कारों का संरक्षण करें।

## समाज की एकजुटता

आयोजन की सफलता में समाज के पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर अध्यक्षः अशोक काला, उपाध्यक्षः कमल रावंका, मंत्रीः विजय फागीवाला, सहित पूरी कार्यकारिणी ने श्रद्धालुओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

यह महोत्सव न केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित रहा, बल्कि इसने समाज में एकता, सद्भावना और धार्मिक चेतना के प्रसार के एक सशक्त माध्यम के रूप में अपनी पहचान दर्ज कराई। अंत में सभी पदाधिकारियों ने इस सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं और भक्तों का आभार व्यक्त किया।

# नशे के सौदागर की 1 करोड़ से अधिक कीमत की संपत्ति फ्रीज






स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** नागौर जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन संकल्प - नशा मुक्त नागौर अभियान' के तहत नागौर पुलिस ने नशे के खिलाफ अपनी कार्रवाई को और तेज करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। इसी क्रम में थाना कोतवाली नागौर पुलिस ने नशा तस्करी से अर्जित संपत्ति पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोपी गोविन्द राम उर्फ गोविन्द के आलीशान मकान को फ्रीज कर दिया है।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत की गई है। फ्रीज किए गए इस मकान की बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने यह संपत्ति अवैध रूप से नशा बेचकर अर्जित की थी।

गौरतलब है कि आरोपी गोविन्द राम के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल चार मामले दर्ज हैं, जो उसके लंबे समय से नशा तस्करी में लिप्त होने की पुष्टि करते हैं।

नागौर पुलिस द्वारा पिछले एक माह में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इस दौरान थाना कोतवाली पुलिस ने दो आलीशान मकानों के साथ-साथ दो लग्जरी वाहनों को भी फ्रीज कराया है, जो अवैध कमाई से खरीदे गए थे।

पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा ने स्पष्ट किया है कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज को खोखला करने वाले ऐसे अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

नागौर पुलिस की इस कार्रवाई को आमजन में सराहना मिल रही है और इसे नशा तस्करों के खिलाफ एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com